yashbharat.co.in

हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें

# यश भारत

नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 17 अंक 160 ● कटनी ● बुधवार, 12 जुलाई, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● प्रथम श्रावण मास कृष्ण पक्ष 8 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935


**आज का मौसम**

आज सुबह का तापमान

26 .4 डिसे

दोपहर 12 बजे तक

28 डिसे

मानसून सक्रिय

## फ्लाईओवर इलाके के पास कई टुकड़ों में मिला लड़की का शव

**नई दिल्ली,ईएमएस।** दिल्ली पुलिस ने गीता कॉलोनी फ्लाईओवर इलाके के पास से एक लड़की का शव मिलने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि शव कई टुकड़ों में काटा गया है। एक महिला का शव बरामद किया है। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी है। फिलहाल लड़की की पहचान नहीं हो पाई है।

**» न्यूज गैलरी**

### पी एम मोदी कल रवाना होंगे फ्रांस, यूएई भी जाएंगे

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने व्यापक राजनयिक दौरे के हिस्से के रूप में इस सप्ताह संयुक्त अरब अमीरात की एक महत्वपूर्ण यात्रा पर जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. वह अपनी फ्रांस यात्रा समाप्त कर यूएई पहुंचेंगे. पीएम 13 जुलाई को फ्रांस में होंगे और बैस्टिल डे परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे. साल 2014 में पदभार संभालने के बाद से पीएम मोदी की खाड़ी देश यूएई की यह पांचवीं यात्रा होगी, जो दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के बढ़ते महत्व को रेखांकित करती है.इससे पहले वह जून 2022, अगस्त 2019, फरवरी 2018 और अगस्त 2015 में यूएई जा चुके हैं. जून 2022 में अपनी पिछली यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व राष्ट्रपति शेख खलीफा बिन जायद अल नाहयान के निधन पर संवेदना व्यक्त करने के लिए अबू धाबी के राष्ट्रपति और शासक शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की थी. इस भाव ने दोनों नेताओं के बीच गहरे व्यक्तिगत संबंधों, भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच संबंधों को और बढ़ाने की उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

### सेल्फी लेते समय फिसल पैर, 36 घंटे बाद मिला शव

■ छिंदवाड़ा, यशभारत।

तामिया के झिंगरिया वाटरफाल में पिपरिया से आए एक पर्यटक 5 साथियों के साथ घूम रहा था। पर्यटक का पैर सेल्फी लेते समय फिसल गया, जिससे वह गहरी खाई गिर गया। इस दौरान वहां मौजूद उसके दोस्त ने बचाने की कोशिश की, लेकिन पर्यटक का हाथ उसके हाथ से फिसल गया। पर्यटक का शव 36 घंटे बाद मिला है।प्रवेश पिता प्रीतम ठाकुर पिपरिया में रेवा सिटी कालोनी का रहने वाला था। वह ग्राम देलाखारी से 13 किलोमीटर दूर झिंगरिया वाटरफाल में रविवार शाम 5 बजे पिपरिया से आए 5 पर्यटकों के साथ घूम रहा था। सेल्फी लेने के दौरान झरने के पास पैर फिसलने से गहरी खाई में गिर गया।घटना के दौरान उसके साथ खड़े कृष्णा सोनी ने भी बचाने का प्रयास किया, लेकिन हाथ फिसल गया। कृष्णा सोनी उसे नहीं बचा सका। कृष्णा सोनी की पत्नी भी इस दौरान वाटरफाल के पास मौजूद थी, जिन्होंने तत्काल अन्य रिश्तेदारों को जानकारी दी। पुलिस भी मौके पर पहुंची।

### ज्योति मौर्या संग अफेयर,मनीष दुबे के खिलाफ दर्ज होगी FIR

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

यूपी की महिला पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्या संग अफेयर के विवादों में फंसे महोबा में तैनात होमगार्ड के जिला कमांडेंट मनीष दुबे की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं. अब उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज होगी और उनका निलंबन भी किया जाएगा. दरअसल, SDM ज्योति मौर्या के पति अलोक मौर्या की शिकायत पर डीजी होमगार्ड ने डीआईजी प्रयागराज को मामले की जांच सौंपी थी. अब डीआईजी संतोष सिंह ने पानी जांच रिपोर्ट डीजी बीके मौर्या को सौंप दी है. जानकारी के मुताबिक रिपोर्ट में मनीष दुबे को कसूरवार मानते हुए उनके खिलाफ FIR दर्ज करवाने और निलंबन की कार्रवाई के साथ ही विभागि जांच की भी संस्तुति की गई है. गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से ज्योति मौर्या, मनीष दुबे और उनके पति आलोक मौर्या का विवाद सोशल मीडिया पर सुर्खियां बना हुआ है. ज्योति मौर्या के पति आलोक ने पत्नी पर बेवफाई के साथ ही हत्या की साजिश का आरोप लगाया है. उन्होंने होमगार्ड के जिला कमांडेंट मनीष दुबे और ज्योति मौर्या के खिलाफ शिकायत भी दर्ज करवाई है. अब इस शिकायत के आधार पर जांच रिपोर्ट डीजी होमगार्ड को सौंपी गई है।

## इंद्र देव की अजीब लीला!

# उत्तर भारत में बाढ़, 12 राज्यों में सूखे की मार



■ नई दिल्ली, एजेंसी।

पश्चिमी विक्षोभ और मानसून पछुआ हवाओं के संयोजन से पिछले सप्ताह उत्तर भारत में भारी वर्षा हुई है, जिससे इस क्षेत्र में साल के इस समय में सरप्लस वर्षा हो गई है. लेकिन तेलंगाना, केरल, कर्नाटक, बिहार जैसे मध्य, दक्षिणी और पूर्वोत्तर के 12 राज्यों में मानसून की बारिश में कमी देखी गई है. झारखंड अब भी कमजोर मानसून के दौर से गुजर रहा है. हिन्दुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक] अमूमन 1 जून से शुरू होने वाले मानसून के लिए आईएमडी के बारिश के आंकड़ों से पता चलता है कि तमिलनाडु को छोड़कर सभी दक्षिणी राज्यों में इस सीजन में उम्मीद से कम बारिश हुई है.जुलाई के पहले सप्ताह में दक्षिण में भारी बारिश केरल और कर्नाटक के तटीय क्षेत्रों तक ही सीमित थी, मुख्य भूमि पर पर्याप्त वर्षा नहीं हुई थी; इतना कि तेलंगाना, आंध्र, कर्नाटक और केरल के कुछ हिस्सों में फसलों की बुआई में देरी हो गई है. कर्नाटक और तेलंगाना सरकारों ने संभावित मानसून सूखे की बात कही है. मंगलवार को तेलंगाना राज्य विकास और योजना सोसायटी के बुलेटिन के अनुसार, 1 जून से मानसून का मौसम शुरू हुआ माना जाता है, 11 जुलाई तक राज्य में 150.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी. जबकि सामान्य वर्षा 197.5 होनी चाहिए. यानी इस वर्ष मानसून सीजन में तेलंगाना में 24त्न कम बारिश हुई है. पिछले साल इस अवधि के दौरान, राज्य में भारी बारिश हुई थी- 395.6 मिमी. यह सामान्य से करीब दोगुना वर्षा थी।

## 10 हजार टूरिस्ट जगह-जगह फंसे



हिमाचल प्रदेश में आपदा के कारण 10 हजार से ज्यादा टूरिस्ट जगह-जगह फंसे हुए है। दूर-दराज के दुर्गम क्षेत्रों में फंसे लोगों को रेस्क्यू करने के लिए सरकार ने छह हेलीकॉप्टर लगा दिए है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जैसे-जैसे मोबाइल नेटवर्क रिस्टोर हो रहा है, फंसे हुए लोगों का आंकड़ा भी बढ़ता जा रहा है। वहीं फंसे हुए लोगों के परिजनों की चिंताएं बढ़ती जा रही है। सूचना के मुताबिक, लाहौल स्पीति के चंद्रताल में अभी भी करीब 293 टूरिस्ट फंसे हुए हैं। इनमें कुछ विदेशी पर्यटक व महिलाएं भी बताई जा रही हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू ने बताया कि वृद्ध व बीमार पर्यटकों को प्राथमिकता के आधार पर पहले रेस्क्यू किया जाएगा। आज दिनभर मौसम साफ रहा तो रेस्क्यू के काम में तेजी आएगी।

### हिमाचल में वायु सेना की मदद मांगी गई

अधिकारियों ने बताया, 14, 100 फुट की ऊंचाई पर स्थित चंद्रताल में 300 पर्यटक शिविरों में फंसे हैं। भारी बारिश-बर्फबारी के चलते वे वापस नहीं लौट पा रहे। प्रशासन ने वायु सेना से हेलीकॉप्टर के जरिये उन्हें बचाने की अपील की है। हेलीकॉप्टर को दोपहर के समय भुंतर से रवाना किया गया, पर खराब मौसम और घने बादल के कारण उसे वापस लौटना पड़ा। वहीं, काजा से एक बचाव दल उन्हें बचाने के लिए निकल चुका है, जबकि बारिश बंद होने के बाद हेलीकॉप्टर फिर भेजा जाएगा। राज्य के अलग- अलग क्षेत्रों में करीब 600 पर्यटक फंसे हैं। सोमवार से अब तक राज्य के कई हिस्सों में फंसे करीब 100 पर्यटकों को बचाया जा चुका है।

## उत्तराखंड में बारिश ने मचाई तबाही

पिछले कुछ दिनों से लगातार हिमाचल प्रदेश में हो रही बारिश से अब राहत मिलने के आसार नजर आ रहे हैं. मौसम विभाग के मुताबिक अब बारिश की तीव्रता में कमी नजर आ सकती है. वहीं दिल्ली में इस पूरे हफ्ते अलग-अलग जगहों पर बूंदाबांदी के पूर्वानुमान लगाए गए हैं. बिहार और झारखंड में भी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है. मौसम विभाग के मुताबिक उत्तराखंड में बारिश का दौर जारी रह सकता है. रिपोर्ट के मुताबिक पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में बारिश और बाढ़ से संबंधित घटनाओं के कारण 80 लोगों की जान चली गई और 92 अन्य घायल हो गए. मूसलाधार बारिश ने राज्य को बुरी तरह से तबाह कर दिया है, जिससे 79 घर नष्ट हो गए और 333 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए. बाढ़ के कारण राज्य को करीब 1,050 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है. राज्य में 41 स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं, जबकि एक स्थान पर बादल फटा है. उफनती नदियों और लगातार बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ ने अब तक 29 स्थानों को अपनी चपेट में ले लिया है.

### खराब मौसम के चलते रोकी गई केदारनाथ यात्रा


उत्तराखंड राज्य में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण केदारनाथ यात्रा रोक दी गई है. यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए जिला प्रशासन ने यात्रियों को सोनप्रयाग और गौरीकुंड में रोक दिया है।



## लोकसभा चुनाव :विपक्ष का कुनबा बढ़ा

### 15 नहीं अब 24 दल होंगे बेंगलुरु बैठक में, सोनिया गांधी भी होंगी शामिल

■ बेंगलुरु, एजेंसी।



कर्नाटक के बेंगलुरु में 17-18 जुलाई को कांग्रेस द्वारा बुलाई जा रही विपक्षी दलों की दूसरी बैठक में कम से कम 24 राजनीतिक दलों के शीर्ष नेता शामिल होंगे. सूत्रों के मुताबिक, आठ नई पार्टियों ने 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी के खिलाफ एकजुट मोर्चा पेश करने के विपक्षी दलों के प्रयासों को अपना समर्थन दिया है.समाचार एजेंसी ने अपने सूत्रों के हवाले से कहा, 'पिछले महीने बिहार के पटना में विपक्षी दलों की बड़ी बैठक के बाद, 24 राजनीतिक दलों के शीर्ष नेता कर्नाटक के बेंगलुरु में होने वाली दूसरी बैठक में भाग लेंगे.' उन्होंने कहा, 'एमडीएमके, केडीएमके, वीसीके, आरएसपी, फॉरवर्ड ब्लॉक, आईयूएमएल, केरल कांग्रेस (जोसेफ) और केरल कांग्रेस (मणि) नए राजनीतिक दल हैं जो इस बार की बैठक में शामिल होंगे.' सूत्रों ने कहा, 'कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी भी विपक्षी दलों की बैठक में शामिल होंगी.' गौरतलब है कि केडीएमके और एमडीएमके पहले 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान बीजेपी की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सहयोगी थे. इस बीच, कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी शीर्ष विपक्षी नेताओं को अगली एकता बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है।

## बंगाल पंचायत चुनाव-टीएमसीने भाजपा से 4 गुना सीटें जीतीं

■ कोलकाता, ईएमएस।

पश्चिम बंगाल में ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद चुनाव के वोटों की काउंटिंग मंगलवार से जारी है। शाम साढ़े सात बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक, ग्राम पंचायत की 27,985, पंचायत समिति की 118 और जिला परिषद की 18 सीटों पर रिजल्ट आ गया है। अब तक के नतीजों के मुताबिक, TMC एकतरफा जीत की तरफ बढ़ती नजर आ रही है। पार्टी ने ग्राम पंचायत की 18,606 सीटों पर जीत हासिल की है, जबकि 8,180 सीटों पर आगे है। पंचायत समिति और जिला परिषद की अब तक सारी सीटें टीएमसी के खाते में गई हैं। दूसरे नंबर पर भाजपा पर है। हालांकि, इसकी सीटें टीएमसी 4 गुना कम हैं। टीएमसी के मुकाबले भाजपा, कांग्रेस, CPI(M) और लेफ्ट फ्रंट अभी बहुत पीछे नजर आ रहे हैं। ग्राम पंचायत में भाजपा 4,482 सीटें, कांग्रेस 1,073 सीटें, CPI(M) 1,424 सीटें और लेफ्ट फ्रंट 1,502 सीटें ही जीत पाई है। पंचायत समिति और जिला परिषद में इन पार्टियों का खाता भी नहीं खुला है।

**15वीं विधानसभा के मानसून सत्र का दूसरा दिन**

## गोविंद सिंह बोले- सरकार आदिवासी मुद्दों पर चर्चा कराए, तब सदन चलने देंगे

■ भोपाल, यशभारत।



मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र का आज दूसरा दिन है। आज भी विपक्ष ने हंगामा करने के संकेत दिए हैं। दूसरे दिन की कार्यवाही शुरू होने से पहले नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने कहा, जालिम तानाशाह सीएम शिवराज सत्र नहीं चलाने दे रहे। विपक्ष की बात नहीं सुन रहे। जब तक सरकार स्थगन लाकर आदिवासी मुद्दों पर चर्चा नहीं कराती, विपक्ष सदन की कार्यवाही नहीं चलने देगा। यह अंतिम सत्र है। सरकार सौहाद्र से सदन को चलाए। नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा, सीधी पेशाब कांड पर सरकार की ओर से कठोर कार्रवाई की गई है। विपक्ष यह बताए कि और क्या चाहता है। कार्रवाई में कहां कमी है। कूनो में चीते तेजस की मौत पर गोविंद सिंह ने कहा, सरकार ने चीतों को लाने में 100 करोड़ रुपए खर्च किए। देखरेख पर ध्यान नहीं दे रही।

**वन मंत्री बोले- अधिकारियों पर 15 दिन में कार्रवाई करेंगे-** छतरपुर विधायक आलोक चतुर्वेदी ने पहला मामला उठायाउन्होंने कहा- प्रदेश में कई एक? ऐसी जमीन है, जो निजी है, उसे वन विभाग अपनी बताता है। विधानसभा अध्यक्ष ने वन मंत्री विजय शाह से कहा- आपके अधिकारियों ने अलग-अलग जवाब दिए हैं, यह ठीक नहीं है।कांग्रेस विधायकों ने कहा- ऐसे अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। वन मंत्री ने कहा- जमीन के जो पट्टे निरस्त हुए हैं, उनकी गंभीरता से जांच की गई है।छतरपुर विधायक ने कहा- निजी भूमि भूमि के 84 सवाल अब तक विधानसभा में आए हैं। विधायक ने कहा- प्रदेशभर में 62 वन मंडल हैं, लेकिन जानकारी सिर्फ 29 मंडलों की ही दी गई है। विधायक बोले- अधिकारियों पर कब तक कार्रवाई होगी? यह आश्वासन चाहता हूं।

## बेंगलुरु में टेक फर्म के सीईओ और एमडी की हत्या

### पूर्व कर्मचारी ने तलवार से काट डाला

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

बेंगलुरु में मंगलवार को डबल मर्डर का मामला सामने आया है। यहां एयरोनिक्स मीडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मैनेजिग डायरेक्टर और मुख्य कार्यकारी अधिकारी की हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान स्रूष्ठ फणींद्र सुब्रमण्यम और ष्ठश्वह्र वीनू कुमार के रूप में हुई है। यह घटना पम्पा एक्सटेंशन, अमृतहल्ली की है।

#### केबिन में घुसकर तलवार से किया हमला

डीसीपी नॉथ ईस्ट लक्ष्मी प्रसाद ने कहा कि एक पूर्व कर्मचारी ने केबिन में घुसकर तलवार से हमला करके दोनों को मौत के घाट उतार दिया। मर्डर की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। हमलावर का नाम फेलिक्स बताया जा रहा है।

#### कंपनी छोड़ खुद का व्यवसाय करता है आरोपी

प्राप्त जानकारी के अनुसार, फेलिक्स ने कंपनी छोड़ दी थी और अपना खुद का बिजनेस शुरू किया था। एमडी सुब्रमण्य और सीईओ वीनू उसके कारोबार में कथित रूप से अडंगा डाल रहे थे। इसी कारण फेलिक्स उनसे नाराज था। पुलिस ने बताया कि फेलिक्स तीन अन्य लोगों के साथ शाम को एयरोनिक्स कार्यालय के अंदर घुस गया। फिर पहली और तीसरी मंजिल पर काम कर रहे अधिकारियों पर तलवार और चाकू से हमला किया। दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

## चार सेकंड में खत्म हुई छह जिंदगी

### 100 की रफ्तार पर कार... 70 पर दौड़ रही थी बस पलक झपकते ही भीषण टक्कर

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

गाजियाबाद में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह छह बजे हुए दर्दनाक हादसे में कार सवार छह लोगों की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। मेरठ के इंचौली के धनपुर गांव से दो सगे भाइयों के परिवार के ये सदस्य खाटू श्याम के दर्शन करने के लिए राजस्थान जा रहे थे। क्रासिंग रिपब्लिक क्षेत्र के बहरामपुर राहुल विहार पुल के पास यह हादसा उल्टी दिशा में आ रही बस से कार की आमने-सामने की टक्कर लग जाने से हुआ।शराब के नशे में धुत चालक बस को 70 किमी. प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ा रहा था। वह गाजीपुर से करीब आठ किमी. उल्टी दिशा में चलाकर लाया था। चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। इस बस के पहले ही 16 चालान कट चुके हैं। इनमें चार उल्टी दिशा में बस दौड़ाने के हैं।100 की रफ्तार से चल रही महिंद्रा टीयूवी के हादसे में परखच्चे उड़ गए। शव निकालने के लिए गाड़ी को काटना पड़ा। हादसे में नरेंद्र (45), उनकी पत्नी अनीता (40), दो बेटे हिमांशु (12), दिपांशु (15), धर्मेंद्र की पत्नी बबीता (35) और बेटी वंशिका (सात) की मौत हो गई। धर्मेंद्र (40) और उनका बेटा कार्तिक (आठ) गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें नोएडा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर हुआ दर्दनाक हादसा एक्सप्रेसवे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। चार सेकंड के फुटेज में नजर आ रहा है कि डिवाइडर के बिल्कुल बराबर चल रही बस और कार आमने सामने आई।




### नासिक में 35 यात्रियों से भरी बस बस खाई में गिरी, कई घायल

महाराष्ट्र के नासिक जिले में महाराष्ट्र रोडवे? की एक बस भीषण हादसे की शिकार हो गई। जानकारी के मुताबिक यह बस नासिक से बुलढाणा जिले की तरफ जा रही थी। यह बस नासिक के सप्तश्रृंगी किले पर रुकी हुई थी। सुबह जब बस तकरीबन 6 बजे के आसपास किले से नीचे उतर रही थी तभी बस खाई में गिर गई। बताया जा रहा है कि इस बस में 35 लोग सवार थे। घायल यात्रियों को नजदीकी अस्पताल में ले जाया जा रहा है। नासिक जिले के संरक्षक मंत्री भी मालेगांव से घटनास्थल के लिए रवाना हुए हैं। यात्रियों को बस से निकालने के लिए राहत और बचाव कार्य भी शुरू किया गया है।

## दुबई में आनलाइन सट्टे की ट्रेनिंग ले रहे छग के 70 युवा

■ रायपुर, ईएमएस।



छत्तीसगढ़ के 70 युवा अनलाइन सट्टा एप की ट्रेनिंग लेने के लिए दुबई गए हुए हैं। रायपुर पुलिस ने आनलाइन महादेव एप और अन्ना रेड्डी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इसमें 23 आरोपितों को अलग-अलग जगह से पकड़ा गया है। मुख्य आरोपित नवीन अग्रवाल, मधुकर सिन्हा और करण सिंग को रिमांड में लेकर पूछताछ की गई। इसमें कई नाम सामने आए हैं। हालांक, पुलिस ने उन नामों का राजफाश नहीं किया है।जोगी कांग्रेस का प्रदेश महासचिव नवीन विगत एक साल से पश्चिम बंगाल के पैनल को चला रहा था। मधुकर और करण ओडिशा और विशाखापट्टनम के पैनल को चला रहे थे। एक अन्य गिरफ्तार आरोपित सौरभ शुक्ला, जो दुर्ग सुपेला का रहने वाला है। वह वर्ष-2021 में दुबई गया था। वहां उसने तीन महीने ट्रेनिंग भी ली। उसने पूछताछ में बताया कि 70 से ज्यादा युवा दुबई में ट्रेनिंग ले रहे हैं। यश नाम के दो लड़के हैं, जिनके पास वह काम करता था। एक रायपुर और दूसरा जबलपुर का है। उसने बताया कि युवाओं का ट्रेनिंग पूरा होने के बाद नए को बुलाया जाता है। महादेव सट्टा एप के जरिए बीते तीन वर्ष में 500 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध कमाई की गई है। इसके सरगना दुर्ग के सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल हैं। इनके नाम सोमवार को लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। सट्टा का कारोबार करने वाले 150 से अधिक लोग पुलिस की गिरफ्त में हैं। इनमें छत्तीसगढ़ के अलावा आंध्र प्रदेश, ओडिशा और महाराष्ट्र के आरोपित भी शामिल हैं।

**यादों में जिंदा रखने आंखें कर दीं दान**

## मुझे बचा लो पापा, स्कूल के पहले ही दिन छात्र की हार्ट अटैक से मौत

■ छतरपुर, ईएमएस।



छतरपुर में सोमवार को स्कूल के पहले ही दिन 12वीं कक्षा के छात्र सार्थक टिकरिया की मौत हार्ट अटैक से हो गई। सार्थक के परिवार ने मौत के बाद कॉर्निया दान करने का फैसला किया है। वहीं, सार्थक के पिता आलोक टिकरिया ने कहा कि उन्होंने ट्रैफिक जाम से निपटने और लड़के को जिला अस्पताल की दूसरी मंजिल पर स्थित आईसीयू तक पहुंचाने में अपना कीमती समय बर्बाद कर दिया। वहीं, सार्थक के पिता ने कहा कि हम उसे यादों में जिंदा रखना चाहते हैं, इसलिए आंखें दान कर दीं। उन्होंने एक अंग्रेजी दैनिक को बताया कि मैंने अपने बेटे को खो दिया है लेकिन मैं अधिकारियों से यातायात की स्थिति में सुधार लाने और गंभीर मरीजों के लिए लिफ्ट आरक्षित करने या आईसीयू को ग्राउंड फ्लोर पर शिफ्ट करने की अपील करता हूं। टिकरिया ने रोते हुए कहा कि मेरे बेटे ने कहा कि मुझे बचा लो।मृतक छात्र के पिता ने कहा कि सार्थक तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था और उसे कभी भी स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या नहीं थी। टिकरिया ने कहा कि हम एक संयुक्त परिवार में रहते हैं, 14 लोग और बच्चे हैं। उन्होंने कहा कि वह पूरे दिन इधर-उधर भागता रहता था। कभी किसी बात की शिकायत नहीं करता था।पिता ने कहा कि कुछ महीने पहले वह रक्तदान करना चाहता था। नाबालिग होने की वजह से अनुमति नहीं दी गई। टिकरिया ने कहा कि वह एमपी बोर्ड से पढ़ाई करना चाहता था इसलिए हमने उसे एक नए स्कूल में एडमिशन करवा दिया और सोमवार को उसका पहला दिन था। हमें सुबह 9.15 बजे के आसपास स्कूल से फोन आया और 9.45 बजे अस्पताल पहुंच गए। गौरतलब है कि सार्थक की जब तबीयत बिगड़ी तो वह स्कूल की दूसरी मंजिल पर था। वहां से जिला अस्पताल की दूरी डेढ़ किमी है। ट्रैफिक के कारण वैकल्पिक रास्ते का सहारा लेना पड़ा, जिसकी वजह से 10 मिनट का समय अधिक खर्च करना पड़ा।

## एशिया कप को लेकर पाकिस्तान को झुकना ही पड़ा

### साउथ अफ्रीका में हुआ फैसला, एक ही वेन्यू पर भारत-पाक के 3 मैच

■ नई दिल्ली, ईएमएस।



पाकिस्तान के खेल मंत्री एहसान मजारी बार-बार यह कर रहे थे कि यदि टीम इंडिया एशिया कप खेलने हमारे घर नहीं आती है, तो हम भी वर्ल्ड कप खेलने भारत नहीं जाएंगे. लेकिन साउथ अफ्रीका के डरबन में चल रही आईसीसी की बैठक से अलग बीसीसीआई सचिव जय शाह और पीसीबी के चेयरमैन जका अशरफ की मुलाकात हुई. इसमें एशिया कप को लेकर सहमति बन गई है. टूर्नामेंट पहले बनी सहमति के आधार पर यानी हाइब्रिड मॉडल पर ही खेला जाएगा. 4 मुकाबले पाकिस्तान में हो 9 मुकाबले श्रीलंका में होंगे. पाकिस्तान की मीडिया के अनुसार, जका अशरफ ने जय शाह को एशिया कप के दौरान पाकिस्तान आने का न्यौता दिया है. हालांकि बीसीसीआई ने इस बात को साफ कर दिया है कि ना ही टीम इंडिया और ना ही उसका कोई पदाधिकारी पाकिस्तान जा रहा है. एशिया कप के मुकाबले 31 अगस्त से 17 सितंबर के बीच होने हैं. भारत और पाकिस्तान के लीग राउंड और सुपर-4 के मुकाबले दांबुला में होंगे. यदि दोनों ही टीमें फाइनल में पहुंचती हैं, तो यह मैच भी इसी वेन्यू पर खेला जाएगा. यानी एक ही मैदान पर भारत और पाकिस्तान के बीच 3 मुकाबले खेले जाएंगे. पहले मुकाबले कोलंबो में कराए जाने की बात थी, लेकिन बारिश के चलते आयोजकों को वेन्यू बदलने पर मजबूर होना पड़ा.

#### जांच दल आएगा भारत

पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने वर्ल्ड कप के लिए एक जांच दल बनाया है. वह भारत आकर टीम की सुरक्षा देखेगा. इसी के बाद टीम के वर्ल्ड कप में उतरने पर अंतिम फैसला होगा. वर्ल्ड कप के मुकाबले 5 अक्टूबर से 19 नवंबर के बीच खेले जाएंगे. पाकिस्तान को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम सहित 5 वेन्यू पर वर्ल्ड कप के मुकाबले खेलने हैं. पाकिस्तान अहमदाबाद में भी मैच खेलने को लेकर आपत्ति जता चुका है. ऐसे में उसके कुछ वेन्यू में बदलाव हो सकता है. जैसा कि 2016 टी20 वर्ल्ड कप में भी हुआ था, तब धर्मशाला की जगह एक मैच को कोलकाता शिफ्ट किया गया था.

#### जल्द आ सकता है शेड्यूल

अब जबकि भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप को लेकर सहमित बन गई है. ऐसे में जल्द इसका शेड्यूल जारी किया जा सकता है. दोनों टीमों के अलावा श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और नेपाल की टीमें टूर्नामेंट में उतर रही हैं. भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा गया है. पिछले साल यूएई में इसका आयोजन किया गया था और श्रीलंका की टीम चैंपियन बनी थी. श्रीलंका ने टी20 फॉर्मेट के आधार पर खेले गए एशिया कप के फाइनल में पाकिस्तान को मात दी थी. टीम इंडिया फाइनल में नहीं पहुंच सकी थी।

# डकैती के आरोपियों के मकानों पर चलेगा बुलडोजर

## भवन अनुज्ञा के दस्तावेज प्रस्तुत करने नगर निगम ने थमाया नोटिस, पुलिस-प्रशासन ने शुरू की मकानों को ध्वस्त करने की तैयारी

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली के संतनगर आधारकाप क्षेत्र में डेयरी संचालक व शेयर मार्केट कारोबारी 46 वर्षीय मनीष शर्मा के घर में 4 जुलाई की रात पड़ी सशस्त्र डकैती के मामले में पुलिस ने वारदात में शामिल सभी आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उधर क्रूर तरीके से डकैती, लूटपाट व हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों के घरों को ध्वस्त किया करने पुलिस, प्रशासन व नगर निगम ने तैयारी भी कर ली है। मंगलवार को नगर निगम द्वारा आरोपी रवि निषाद पिता रम्मू, शाहिल पिता अशोक निषाद, आशीष पिता लखन निषाद, कुलदीप पिता बनवारी निषाद, शाहिल पिता सुंदर निषाद को नोटिस जारी किया गया है। नगर निगम ने नोटिस में स्पष्ट किया है कि 24 घंटे के अंदर भवन स्वामित्व एवं भवन निर्माण अनुज्ञा संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करें। विपरीत स्थिति में अधिनियम 1956 की धारा 307 के तहत भवन का अवैध रूप से निर्मित मानते हुए हटाने की कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम के इस नोटिस के बाद से परिजनों में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई है। वहीं शहरभर में आवाज उठ रही है कि अपराधियों को ऐसी सजा मिले की सबक बन जाए ताकि शहर में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो।

### फरियाद लेकर जनसुनवाई में पहुंचा आरोपी का पिता



डकैती व हत्या के मास्टर माइंड आरोपी रवि निषाद का पिता रम्मू निषाद मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में पहुंचा। कलेक्टर अवि प्रसाद को दिए गए आवेदन में कहा है कि पुलिस द्वारा नगर निगम आयुक्त को घर तोड़ने के लिए पत्र भेजा गया है। नगर निगम द्वारा बिना अनुमति के निर्माण बताकर मेरे घर को तोड़े जाने की तैयारी की गई है। मेरा घर पैतृक कृषि भूमि पर वर्षों से बना हुआ है। आरोपी बेटे को पकड़ा जा चुका है, वह जेल में है। उसे उसके अपराध की सजा दी जाए। मेरे परिवार की हालत को देखते हुए घर तोड़ने की कार्रवाई रोकी जाए।

### मेडिकल के बाद सभी आरोपी भेजे गए जेल

कोतवाली पुलिस ने न्यायालय से डकैती व हत्या के आरोपियों को तीन दिन की रिमांड पर लिया था। रिमांड का समय खत्म होने पर मंगलवार को आरोपियों का मेडिकल कराने के बाद न्यायालय में पेश किया। जहां से न्यायालय ने आरोपी रवि निषाद, सचिन निषाद, शाहिल निषाद, कुलदीप निषाद, आशीष निषाद को जेल भेज दिया है।

### एक आरोपी की तलाश जारी

वारदात में शामिल छठवां आरोपी शाहिल निषाद अभी भी फरार है। कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार पुलिस को आरोपी की लोकेशन मालूम चल गई है, जिसका पता लगाया जा रहा है। कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि शीघ्र ही आरोपी की गिरफ्तारी कर खुलासा किया जाएगा।

### सह आरोपी कौशाम्बी से गिरफ्तार

पुलिस ने सह आरोपी को उत्तरप्रदेश के जिला कौशाम्बी ग्राम बैरागी से दबोचा है। सह आरोपी राजू निषाद के पास से डकैती में लूटी गई अंगूठी, सोने की नथ बरामद की गई है। बदमाश इसके यहां रुके थे। आरोपियों ने अंगूठी व नथ राजू को दे दिए थे। डकैतों के बताने पर कोतवाली पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया है।

### इनका कहना है

डकैती व हत्या के आरोपियों की रिमांड खत्म होने पर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। सह आरोपी को भी पकड़ा गया है। वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों के घर तोड़े जाएंगे। इसके लिए पुलिस, प्रशासन व नगर निगम के सहयोग से संयुक्त कार्रवाई जारी है।

**-अभिजीत रंजन,** पुलिस अधीक्षक।

पुलिस के पत्र पर छह आरोपियों के घरों को लेकर नोटिस दिया गया है। मकान निर्माण के संबंध में स्वामित्व संबंधी व भवन अनुज्ञा संबंधी दस्तावेज मांगे गए हैं। 24 घंटे का समय दिया गया है। अवैध निर्माण पाए जाने पर मकान तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी।

**-सत्येंद्र सिंह धाकरे,** आयुक्त नगर निगम

# जीआरपी के पास पहुंची यात्री के साथ लूट व हत्या के मामले की जांच

## चार गिरफ्तार, दो फरार आरोपियों की तलाश जारी



**कटनी, यशभारत।** सतना-कटनी रेलखंड पर कटनी जंक्शन के आउटर में खिरहनी फाटक पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर रविवार की रात बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे पड़ोसी जिला सतना के अमरपाटन थाना अंतर्गत नादनटोला निवासी 22 वर्षीय महेश कोल के साथ लूट व हत्या के मामले की जांच जीआरपी द्वारा शुरू कर दी गई है। कोतवाली पुलिस द्वारा धारा 394, 397, 302 के तहत शून्य में अपराध कायम करने के बाद अपराध डायरी जीआरपी को सौंप दी गई है। इसके बावजूद जीआरपी अभी भी अधिकारी असमंजस की स्थिति में हैं। वरिष्ठ अधिकारी भी मामले की जांच के लिए किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच पाए हैं। हत्या व लूट के 35 घंटे से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी जीआरपी ने मामले का खुलासा नहीं किया जबकि चार आरोपी पकड़े जा चुके हैं। वारदात को अंजाम देने वाले प्रशांत गुप्ता, शहबाज खान, मयंक रैकवार, आयुष रजक जीआरपी की गिरफ्त में हैं। इस मामले में अब एक और नया मोड़ सामने आया है। जीआरपी का कहना है कि ट्रेन में महेश कोल का मोबाइल दो अन्य युवकों ने गिराया था, जिसके बाद वह उनका पीछा किया तो मोबाइल देकर वे भाग गए। जब महेश वहां से लौटने लगा तो इन चार बदमाशों से विवाद होने लगा और आरापियों ने मिलकर हत्या कर दी। उधर गंभीर वारदात सामने आने के बाद भी रेलवे, जीआरपी और आरपीएफ अलर्ट मोड में नजर नहीं आ रहे हैं। वारदात के बाद न तो आउटरों में विशेष गश्त दिखी और ना ही यात्रियों को जागरुक किया गया। यात्री की हत्या होने के बाद भी जिम्मेदार बेपरवाह बने हुए हैं।

### गंभीर वारदात के बावजूद आउटर में नहीं सुरक्षा के इंतजाम

उल्लेखनीय है कि शहर के तीनों रेलवे स्टेशन कटनी जंक्शन, मुड़वारा रेलवे स्टेशन व साउथ से 125 से अधिक ट्रेनों की आवाजाही हो रही है। हर दिन लूट, चोरी, स्नेचिंग की घटनाएं हो रही हैं, इसके बाद भी आउटर में व ट्रेनों में सुरक्षा नहीं बढ़ाई जा रही। हैरानी की बात तो यह है कि यात्रियों से किराया वसूलने वाली रेलवे भी सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है।

### इनका कहना है

मामले की जांच जारी है। कोतवाली पुलिस ने मामला जीआरपी को दिया है। यात्री के साथ लूट व हत्या के मामले में दो अन्य आरोपियों का भी नाम सामने आया है। उनका पता लगाया जा रहा है। शीघ्र ही मामले का खुलासा किया जाएगा। स्टेशनों के आउटर में अपराधी सक्रिय हैं। नशे के कारण हर दिन वारदात को अंजाम दे रहे हैं। क्षेत्र में गश्त कराई जाती है। टीम के जाते ही वारदात करते हैं।

**-पी.के.सिंह,** थाना प्रभारी जीआरपी



# कटनी को हराभरा बनाने चलेगा अभियान

**कटनी, यशभारत।** अखिल भारतीय वैश्य महापरिषद के प्रदेश अध्यक्ष अनिरुद्ध बजाज ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि गत वर्षों के भांती इस वर्ष भी अखिल भारतीय वैश्य महापरिषद, जनलोक मोर्चा, जिला ब्राह्मण समाज के संयुक्त तत्वाधान में नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक व वृक्षारोपण के प्रेरणा स्त्रोत सुनील रांधेलिया के मार्गदर्शन में पुनः वृक्षारोपण प्रारम्भ किया जा रहा है इस कार्यक्रम में शहर के विभिन्न महाविद्यालय व गणमान्य व्यक्तियों का भी सहयोग मिलेगा। आज की बैठक में नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने संस्था व उपस्थित सदस्यों को पूर्ण आश्वासन दिया कि कटनी जिले को हरा भरा बनाये रखने के लिए में आपके साथ हूं। इस कार्यक्रम की रूपरेखा पंडित राजू शर्मा , मनोज निगम, एडवोकेट अंजुला सरावगी बजाज, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, अनंत गुप्ता के द्वारा प्रचार प्रसार व वृक्ष व्यवस्था की जाएगी। आज की बैठक में डॉक्टर डी के खरे, पार्षद रमेश सोनी, श्याम भाई, शशिकांत तिवारी, पूर्व पार्षद राजकिशोर यादव, शुभाष मालाकार,विष्णु बलेच,एडवोकेट अजय शांडिल्य, संभव रांधेलिया, एडवोकेट आर के बक्शी अक्षय बजाज, राजेश सिंह, अंशुल बहरे, राजकुमार दासवानी, संजय गुप्ता आदि उपस्थित थे।



*सावन माह के अवसर पर नई बस्ती स्थित गिरजा घाट से बोल बम कमेटी द्वारा भव्य कावड़ यात्रा शहर में निकाली गई। इस दौरान समाजसेवी अरुण चक्रवती द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, दिलीप यादव, रवि चक्रवती, नवीन चक्रवती, राजू जैन, हेमन्त कुशवाहा, हनी मिश्रा नानू खरे, भूरा तिवारी, मयूर रजक, सजंय वर्मा मौजूद रहे।*

# पटवारी सहित दो पर ठगी का मामला दर्ज

## तहसीलदार की शिकायत पर विजयराघवगढ़ पुलिस की कार्रवाई

**कटनी, यशभारत।** विजयराघवगढ़ तहसील के मझगवां ग्राम की भूमि स्वामी कलहरा निवासी रतिया कोल को मृत बताकर उसकी जमीन फर्जी तरीके से दूसरे के नाम पर दर्ज करने के मामले में जिला प्रशासन ने कार्रवाई की है। कलेक्टर अविप्रसाद के निर्देश पर विजयराघवगढ़ तहसीलदार नेहा जैन ने मामले की शिकायत कैमोर पुलिस से की है। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए कैमोर पुलिस ने कूटरचित, भ्रामक सेजरा और त्रुटि पूर्ण जांच प्रतिवेदन पेश करने वाले देवरी मझगवां के पटवारी रामलाल गोटिया और जमीन अपने नाम पर करने के लिए आवेदन देने वाले आवेदक राजेश पिता रामकरण कोल के विरुद्ध एफआइआर दर्ज की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पटवारी रामलाल गोटिया और राजेश कोल पर कई गंभीर आरोप हैं। जिनमें जीवित व्यक्ति को मृत घोषित कर भूमि में वारसान के बजाय अन्य लोगों का नाम दर्ज करने, भूमि को खुर्द-बुर्द करने, फौती नामांतरण हेतु भ्रामक दस्तावेज प्रस्तुत करने सहित न्यायालय को गलत तथा भ्रामक प्रतिवेदन प्रस्तुत करना शामिल है। जिससे न्यायालय की छवि धूमिल हुई है। उल्लेखनीय है कि पटवारी को एसडीएम महेश मंडलोई द्वारा पहले ही निलंबित कर दिया गया है। वहीं पुलिस ने विजयराघवगढ़ तहसीलदार नेहा जैन की शिकायत पर पटवारी रामलाल गोटिया व राजेश कोल के विरूद्ध धारा 420, 467, 468, 471, 120बी, 34 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

**जिंदा आदिवासी को मृत बताकर जमीन हड़पने का मामला**

### जांच के लिए टीम गठित

कलेक्टर ने भूमि के नामांतरण में राजस्व नियमों, प्रक्रियाओं और प्रावधानों के पालन की जांच हेतु अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच दल गठित कर दिया है। जांच दल इस मामले में नामांतरण नियमों के पालन सहित हर उस पहलू की पड़ताल करेगा, जिसकी वजह से कूटरचित दस्तावेजों की मदद से जीवित को मृत बताकर डेढ़ एकड़ जमीन अपने नाम दर्ज कराकर बेचने का षड्यंत्र किया गया। टीम में सदस्य के रूप में तहसीलदार बड़वारा मनीष शुक्ला, अधीक्षक भू-अभिलेख हर्षवर्धन रामटेके तथा राजस्व निरीक्षक सिनगोडी जानकी प्रसाद शामिल हैं। जांच दल को एक सप्ताह के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# कांग्रेस में निष्क्रिय पदाधिकारियों को बदलने का क्रम शुरू

## महेंद्र की जगह ध्रुव को बनाया गया संगठन मंत्री



**कटनी,यशभारत।** कांग्रेस में निष्क्रिय पदाधिकारियों को संगठन के पदों से मुक्त करने का सिलसिला शुरू हो गया है। पार्टी ने हाल ही में जिला कांग्रेस ग्रामीण संगठन में संगठन मंत्री बनाये गए रीठी के कांग्रेस नेता महेंद्र जैन को हटाकर किसी और की नियुक्ति कर दी है। उन पर आरोप है कि वे भोपाल और दिल्ली से भेजे गए संगठन प्रभारियों द्वारा ली गई। बैठकों में शामिल नही हुए और न ही उन्होंने अपने पद की जिम्मेदारी का निर्वहन किया। पार्टी ने महेंद्र जैन की जगह विजयराघवगढ़ और बड़वारा क्षेत्र में सक्रिय युवा नेता ध्रुवप्रताप सिंह गोलू को संगठन मंत्री पद की अहम जिम्मेदारी सौंप दी है। जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने उनकी नियुक्ति की पुष्टि की है। सूत्रों का कहना है कि विधानसभा चुनाव की जोर पकड़ चुकी तैयारी के क्रम में मंडलम एवं सैक्टर को मजबूत करने का काम चल रहा है किंतु पिछले 6 माह में महेंद्र जैन ने किसी भी मंडलम और सेक्टर की बैठक नही कराई। अलावा इसके वे पिछले दिनों कटनी आये राष्ट्रीय सचिव सी पी मित्तल और केंद्रीय पर्यवेक्षक के दौरे के अवसर पर भी अनुपस्थित रहे। इसकी पूरी जानकारी प्रदेश कांग्रेस के मुखिया कमलनाथ तक पहुंची जिस पर कमलनाथ के निर्देश पर उन्हें बदल दिया गया।

# वर्षों से बारिश में टेंशन दे रहीं तीन पुलिया कोई नहीं ढूंढ पाया स्थायी समाधान

**कटनी, यशभारत।** कटनी के उपनगरीय क्षेत्रों में तीनों पुलियों में जरा सी बारिश होने पर पानी भरने की समस्या दशकों से है लेकिन इसका स्थायी समाधान कोई नहीं निकाल पाया कई विधायक महापौर सांसद बदले सभी ने समस्या से राहत दिलाने अपना अपना काम भी किया पर इसका लाभ नहीं मिल सका आज भी बारिश में सबसे पहले अगर कोई जगह प्रभावित होती है तो वह यही पुलिया होती हैं। आज भी यहां भरा पानी समाधान के प्रयासों को मुंह चिढ़ाता नजर आता है। आप जरूर सोच रहे होंगे कि यह कौन कौन सी पुलिया हैं तो यहां हम आपको जानाकारी दे रहे हैं कटनी में बारिश होते ही हमेशा की तहर फिर से सागर पुलिया, गायत्री नगर पुलिया व मंगल नगर पुलिया में समस्या निर्मित हुई। पानी निकासी के पर्याप्त इंतजाम न होने के कारण जलभराव की स्थिति बनी रही। कई घंटे तक आवागमन बाधित रहा। सबसे ज्यादा समस्या गायत्री नगर व मंगलनगर पुलिया में रही। कई साल से यह समस्या है, इसके बाद भी स्थाई समाधान पर ध्यान नहीं दिया जा रहा।

### कम बारिश, फिर भी शहरभर में पानी का जलजला कटायेघाट मार्ग में पुलिस का पहरा



बारिश के कारण कृष्णधाम कॉलोनी, अमकुही, इंडस्टियल एरिया व पार्क जाने वाला रास्ता बंद हो गया है। मार्ग में नई पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है। ठेकेदार के द्वारा डायवर्सन मार्ग बनाया गया है, उसके ऊपर से दिनभर पानी भरा रहा। यहां पर यातायात पुलिस से उप निरीक्षक छेदीलाल सिंह व नगर निगम के कर्मचारी तैनात रहे, ताकि कोई आवागमन न करे।

### जागृति कॉलोनी में भरा पानी

तिलक कॉलेज रोड के आगे जागृति कॉलोनी बड़ा गेट के पास वार्ड नंबर 16 में भी जलभराव की स्थिति बनी। कई सालों से रोड, नाली की समस्या होने पर आए दिन बरसात में सड़कों में पानी भर जाता है। आसपास के जमीनों में पानी का भराव होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी भरने से मकानों के जिलकने की समस्या हो गई है।

### मॉडल रोड में भरा पानी

बारिश के कारण बरगवां से लेकर पीरबाबा तक बाइपास में कई जगह पर पानी भर गया। बरगवां, एलआइसी बिल्डिंग, माधवनगर गेट, दुगाड़ी नाला, झिंझरी बरती के पास, यातायात थाना के समीप सहित पन्ना मोड़, मंडी रोड में पानी भरने से लोगों को भारी समस्या हुई। बारिश शुरू होते ही इन स्थानों पर समस्या बनी, लेकिन नगर निगम ने ध्यान नहीं दिया।

# राष्ट्र पुनर्निर्माण के लक्ष्य को लेकर कार्य कर रही विद्यार्थी परिषद

## राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अंर्तगत विशाल साइकिल प्रतियोगिता के अवसर पर बोले जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा

**कटनी, यशभारत।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की 75वें स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अंर्तगत विशाल साइकिल प्रतियोगिता हुई जिसमें कटनी नगर निगम आयुक्त सतेंद्र सिंह धाकडे जी ने समस्त प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता प्रारंभ की । प्रतियोगिता रेलवे स्टेशन से होते हुए सुभाष चौक , मिशन चौक, संत रविदास तिराहा होते हुए नगर निगम बस स्टैंड ऑडिटोरियम में संपन्न हुई तत्पश्चात ऑडिटोरियम में प्रतिभा सम्मान समारोह किया गया जिसमें कटनी के विभिन्न विद्यालयों के 10वीं व 12 वीं के उत्कृष्ट विद्यार्थियों तथा साइकिल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनुराग नामदेव, द्वितीय स्थान खुशी मिश्रा एवं तृतीय स्थान दुर्गा सेन सहित समस्त विद्यार्थियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं जिला शिक्षा समिति के सदस्य अशोक विश्वकर्मा उपस्थित रहे जिन्होंने विद्यार्थी परिषद के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए अनेकानेक विद्यार्थियों के मध्य नेतृत्व क्षमता के गुण को विकसित करने की पाठशाला बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लक्ष्य को लेकर जिस प्रकार से विद्यार्थी परिषद आज 75 वर्ष की यात्रा करते हुए हम सभी के समक्ष अनेकानेक राष्ट्रहित-शक्ति पर कार्य कर रही है ऐसे छात्र संगठन से वर्तमान में हम सभी को जुड़ने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने सभी विद्यार्थियों को तथा अभिभावकों को शुभकामनाएं प्रेषित की । कटनी अभाविप नगर अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला ने विद्यार्थियों को अपनी शिक्षा पर पूर्णरूपेण महत्त्व देते हुए राष्ट्रहित पर भी कार्य करने का संदेश दिया साथ ही जिला संयोजक सीमांत दुबे ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए अभाविप की 75 वर्ष की यात्रा पर प्रकाश डाला एवं कटनी में किए गए समाज कार्य जैसे वृक्षारोपण,



मेडिकल कैंप , जैसे अनेको सेवा कार्य का विवरण दिया, कार्यक्रम के अतिथियों एवं विद्यार्थियों का अभिवादन कु ज्योत्सना सोनी ने किया साथ ही कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी व उनके अभिभावक उपस्थित रहे ।

# हर्ष अग्रहरी कला के क्षेत्र में दिखाएंगे जौहर, मध्यप्रदेश स्कूल ऑफ ड्रामा में मिला दाखिला



**कटनी, यशभारत।** मध्य प्रदेश स्कूल ऑफ ड्रामा, भोपाल में साल 2023-25 के लिए एडमिशन लिस्ट जारी कर दी गई है। जिसमें कटनी के हर्ष अग्रहरि ने दाखिला लेकर अपने जिले का नाम रौशन किया है। कटनी के दुबे कॉलोनी निवासी संतोष कुमार अग्रहरी के बेटे हर्ष अग्रहरि पिछले करीब पांच सालों से भोपाल में रहकर दि कॉन्टिनम एकेडमी ऑफ परफॉर्मिंग ऑर्ट्स ग्रुप के साथ जुड़कर अभिनय के गुर सीख रहे हैं।

### देशभर से एग्जाम देने आते हैं स्टूडेंट्स

एमपीएसडी की 26 सीटों में के लिए देशभर के सभी राज्यों से एक्टिंग के छात्र एडमिशन लेने भोपाल आकर प्रवेश प्रक्रिया में भाग लेते हैं। जिसमें अपने अभिनय शैली के बलबूते हर्ष ने अपनी जगह बनाई।

### कई साल से सीख रहे एक्टिंग

एक्टर बनने का सपना लिए भोपाल आए हर्ष ने इंजिनयरिंग में अपनी कॉलेज की पढ़ाई पूरी की। इसी बीच रंग निर्देशक प्रतिक शर्मा से अभिनय के गुर सीखे।

### लंबी प्रोसेस के बाद मिलती है जगह

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय और मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय भारत के दो बड़े सरकारी एक्टिंग । इन संस्थान में एडमिशन लेने के लिए लंबी प्रोसेस से गुजरना पड़ता है।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, बुधवार, 12 जुलाई 2023

आप तक आपका प्रिय अखबार यश भारत नहीं पहुंच रहा हो तो हमें शीघ्र सूचित करें
फोन- 230033, मो. 9425362893, 8839684296
कार्यालय:- कचहरी चौक, कटनी

# नियमों की अवहेलना : गांवों की बजाय शहर में खुल गए कियोस्क सेंटर

## छोटे-छोटे कामों के लिए भटक रहे खातेदार, सरकार की मंशा को लग रहा पलीता

यश भारत
खबर विशेष

**कटनी/रीठी, यशभारत।** रीठी सहित जिले की अन्य तहसील क्षेत्र में बैंक शाखाओं के प्रबंधकों और कियोस्क सेंटरों के संचालकों की कथित मिलीभगत के चलते ग्रामीणों को परेशानियां झेलना पड़ रही है। इसके पीछे मुख्य कारण कियोस्क सेंटर गांवों की बजाय शहरी क्षेत्रों में खुले हुए हैं। रीठी में भारतीय स्टेट बैंक की एकमात्र शाखा तहसील स्तर पर स्थित है और इसके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कियोस्क सेंटर खोलकर एजेंसियां दी गई हैं, लेकिन बैंकों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के नाम पर स्थापित किए गए कियोस्क सेंटर मुख्यालय पर ही संचालित हो रहे हैं। एक ही जगह पर एक से अधिक कियोस्क सेंटर संचालित किए जा रहे हैं। नियमानुसार दो सेंटरों के बीच दूरी होना अनिवार्य है। ग्रामीणों को अपने वित्तीय कामकाज के लिए मुख्यालय पर ही आना पड़ रहा है।

ग्रामीणों को बैंकों में धक्का मुक्की और समय बर्बाद करना न पड़े, इस उद्देश्य से कियोस्क सेंटर खोलकर बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने की मंशा से खोले गए मिनी बैंक अब उनकी परेशानी बन गए हैं। लोगों को लगा था कि उन्हें अब बैंक के चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा और गांवों में ही सुविधाएं मिलेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बैंक प्रबंधन की अनदेखी के कारण कियोस्क संचालकों द्वारा मनमानी की जा रही है। जिस जगह बैंक ने कियोस्क खोलने के लिए लोकेशन दी थी, उन जगहों पर कियोस्क बैंक नहीं चल रहे। प्रधानमंत्री ने लोगों को बैंकिंग सेक्टर से जोड़कर सारे वित्तीय लेनदेन बैंक के माध्यम से कराए जाने पर जोर दिया था। ग्रामीण क्षेत्र के व्यापारी व किसानों को खाता खोलने के लिए प्रेरित किया था। लोगों की सुविधाओं को देखते हुए जिन ग्रामीण इलाकों में बैंकों की शाखाएं नहीं खोली जा सकती थीं, वहां कियोस्क सेंटरों के माध्यम से लोगों को बैंकों से जोड़ने की कवायद की गई। कियोस्क सेंटर एक तरह से बैंक की चलित संस्था होती है, जो कम संसाधनों के साथ ग्रामीण इलाकों में रहने वालों के समय की बचत के लिए उनके ही क्षेत्र में जाकर लेन-देन करने के लिए खोले गए हैं।



तहसील मुख्यालय में कियोस्क सेंटर खोलने केनियमों की खुलेआम उड़ रही धज्जियां

### रीठी में कागजों में संचालित हो रहे कियोस्क सेंटर

सूत्रों की मानें तो जिनको गांवों में कियोस्क सेंटर खोले जाने के लिए एजेंसी दी गई है, उनमे से अधिकांश कियोस्क सेंटर कागजों में गांवों में चल रहे है। वास्तविकता में यह सभी कियोस्क सेंटर रीठी मुख्यालय पर ही संचालित हो रहे हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में कियोस्क सेंटर खोलने और ग्रामीणों को राहत देने की योजना दम तोड़ती नजर आ रही है। ग्रामीण क्षेत्र के खातेदारों को उनके ही गांव में बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कियोस्क बैंक संचालित की गई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को गांव में ही बैंक की सुविधाओं का लाभ मिल सके, लेकिन कियोस्क सेंटर ग्रामीण क्षेत्रों की बजाय शहरी क्षेत्र में संचालित हो रहे हैं। इससे ग्रामीणों को पेंशन से लेकर कई सरकारी योजनाओं का लाभ लेने दूर जाना-आना पड़ता है। ऐसे में उनको समय और धन दोनों का नुकसान हो रहा है, जबकि इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाएं बढ़ाने की मंशा थी, जो पूरी होती नहीं दिखाई दे रही है।

### राशि निकालने के एवज में ग्रामीणों से हो रही अवैध वसूली, मांग रहे 5 प्रतिशत तक कमीशन

जानकारी के मुताबिक बैंकों द्वारा संचालित कियोस्क सेंटरों का संचालन ग्रामीण क्षेत्रों में अनुबंध के तहत होता है, इसके चलते बैंक और संचालक ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पेंशन सहित अन्य शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन करते हैं। नियमानुसार कियोस्क सेंटरों को अपने अनुबंध वाली जगह पर ही संचालित किया जाना चाहिए। सूत्रों की मानें तो कई खाताधारक समय बचाने के लिए कियोस्क संचालकों के पास जाकर अपने खाते में लेनदेन कर रहे हैं, इसके लिए बैंक उपभोक्ताओं को कुछ पैसा खर्च करना पड़ता है। चर्चाओं के मुताबिक इसके लिए कियोस्क संचालक 1 से 5 प्रतिशत तक की अवैध वसूली कर रहे हैं। आधार से पैसा निकालने के एवज में यह लोग 10 हजार पर 500 रुपए तक कमीशन वसूल रहे हैं। लोगों ने बताया कि कियोस्क संचालकों द्वारा पैसा जमा और निकलने के बदले 1 से 5 प्रतिशत की राशि कमीशन के रूप में वसूल की जाती है, साथ ही कियोस्क बेंक में खता खुलवाने के लिए भी राशी बसूलने की बाते उपभोक्ताओं के द्वार की जा रही है। उपभोक्ताओं को राशि आहरण और जमा करने की रसीद भी नही दी जाती। जनचर्चा में है कि जब कियोस्क संचालक कई बार उपभोक्ताओं को उनकी बिना जानकारी के उनके खाते से पैसे निकाल लेते हैं, क्योकि खाता खोलते समय स्वयम के अंगूठे लगाए जाने की भी जनचर्चा है। इन उपभोक्ताओं को बैंक द्वारा जीरो बैलेंस की पासबुक दी जाती है। इसकी एंट्री भी नहीं होती है। जब वह बैंक जाकर अपने खाते का मिनी स्टेटमेंट निकालते हैं तब खाताधारकों को पता चलता है। खाते से राशि निकाली गई है।



# नर्सों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा असर

**कटनी, यशभारत।** नर्सिंग एसोसिएशन की हड़ताल का स्वास्थ्य सेवाओं पर खासा असर पड़ता दिख रहा है। जिला चिकित्सालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों को समुचित उपचार नहीं मिल रहा है। हालांकि चिकित्सालय प्रबंधन ने स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया है लेकिन इसके बावजूद व्यवस्थाएं पटरी पर नहीं आ रही हैं। जानकारी के मुताबिक संविदा व नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों से काम चलाया जा रहा है। ऑपरेशन थियेटर और कैजुअल्टी का काम भी प्रभावित हो रहा है। यहां पर चिकित्सक भी ठीक से ऑपरेशन नहीं कर पा रहे, सिर्फ इमरजेंसी केस ही लिए जा रहे हैं। कैजुअल्टी में भी उपचार में समस्या जा रही है। गौरतलब है कि बारिश का सीजन शुरू होते ही मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है। जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। नर्सिंग एसोसिएशन अपनी मांगों पर अड़ा हुआ है। उनका साफ कहना है कि जब तक मांगे पूरी नहीं होगी, तब हड़ताल जारी रहेगी।

### नहीं लग रहे रैबीज के इंजेक्शन

रैबीज के इंजेक्शन न लगने के कारण कई मरीज लौट गए। कई मरीज रैबीज का इंजेक्शन लगवाने पहुंचे, लेकिन उन्हें इंजेक्शन नहीं लग पाया। इंजेक्शन कक्ष में नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### क्या कहा नर्सिंग एसोसिएशन ने

नर्सिंग संवर्ग की मांगों का निराकरण नहीं किया जा रहा है। एसोसिएसन द्वारा कईयों बार ज्ञापन सौंपा जा चुका है, परन्तु मांगों का निराकरण नहीं किया गया है, जिससे नर्सिंग संवर्ग में असंतोष व्याप्त है। जिसके चलते हड़ताल के लिए मजबूर होना पड़ा है।

### इनका कहना है

हड़ताल से सेवाओं पर असर पड़ रहा है। संविदा और नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं से काम लिया जा रहा है। मरीजों को समुचित उपचार उपलब्ध कराने का प्रयास है। को लेकर नर्सिंग एसोसिएशन की शासन स्तर पर बातचीत चल रही है।

**-डॉ. यशवंत वर्मा, सिविल सर्जन**

### नर्सिंग एसोसिएशन की ये हैं प्रमुख मांगे

1. नर्सिंग संवर्ग की वेतन विसंगतियों को दूर किया जावे।
2. रात्रिकालीन आकस्मिक चिकित्सा भत्ता तीन सौ रूपये प्रति रात्रि दिया जाए।
3. प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा विभाग में स्वासाशी अधिकारी कर्मचारियों के वर्ष 2018 के भर्ती नियमों में संशोधन किया जाए।
4. ग्वालियर एवं रीवा मेडिकल कॉलेज की भांति अन्य शेष मेडिकल कॉलेज के नर्सिंग ऑफिसर को 3 एवं 4 वेतनवृद्धि दी जाए।
5. नर्सिंग स्टूडेन्ट का स्टॉयफण्ड 3 हजार से बढ़ाकर 8 हजार रूपए किया जाए।
6. सहायक संचालक के पद पर नर्सिंग संवर्ग से कार्य कराया जाए।
7. चिकित्सा शिक्षा विभाग में स्वसाशी अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों को सातवें वेतनमान का लाभ जनवरी 2016 से दिया जाए।
8. नर्सिंग एसोसिएशन की प्रमुख मांगों में अन्य प्रदेशों की भांति सेकेण्ड ग्रेड दिया जाए।

## कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने किया मतदाता सूची का भौतिक सत्यापन

**कटनी, यशभारत।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देशानुसार प्रदेश प्रभारी मतदाता सूची पुनरीक्षण महेंद्र जोशी, सह प्रभारी संजय कामले, ललित सेन के मार्गदर्शन में विधानसभा बहोरीबंद के रीठी, बाकल, बहोरीबंद एवं स्लीमनाबाद में 19 मंडलम, 29 सेक्टर एवं 182 बीएलए का भौतिक सत्यापन किया गया तथा सत्यापन उपरांत मंडलम, सेक्टर और बीएलए मार्गदर्शिका का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री महेंद्र जैन, जिला प्रभारी प्रशिक्षण शहज़ाद हुसैन रिज़वी, डॉ. नरेंद्र राय, नरेंद्र जैन, जनाब शादिक खान, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप त्रिपाठी, विजय पटेल, विमल सिंघई, दीपक तिवारी एवं मंडलम अध्यक्ष सेक्टर अध्यक्ष बीएलए उपस्थित रहे।

# 40 दिवसीय झूलेलाल चालीहां महोत्सव का शुभारंभ

### झूलेलाल मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन शुरू



**कटनी, यशभारत।** भगवान श्री झूलेलाल चालीहां महोत्सव प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सिंधी समाज द्वारा अपार उत्साह एवं हर्ष के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर 11 जुलाई से झूलेलाल चालीहां महोत्सव समिति द्वारा गुरूनानक वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हो गया। समाजसेवी संजय खूबचंदानी ने बताया कि सुबह 11 बजे झूलेलाल मंदिर में पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के पदाधिकारियों, गणमान्य नागरिकों तथा श्रद्धालुओं की उपस्थिति में पंडित दिनेश शर्मा द्वारा पूज्य बहराणे साहिब की पूजा अर्चना, पल्लव आरती व भजन कीर्तन के साथ भगवान श्री झूलेलाल जी की अखंड ज्योति प्रज्वलित करने के साथ ही व्रतधारियों का संकल्प बंधन से व्रतों की शुरूआत के साथ चालीहां महोत्सव का विधि विधान के साथ शुभारंभ किया गया व आकाश म्यूज़िकल पार्टी द्वारा भक्ति संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस भव्य 40 दिवसीय चालीहां महोत्सव में प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम व सुबह शाम भजन कीर्तन, आरती, पल्लव आदि कार्यक्रम संपन्न होंगे व भगवान श्री झूलेलाल चालिहा महोत्सव के अंतर्गत प्रतेक रविवार को प्रात 8 बजे कटाई घाट के तट पर जल देवता की पूजा अर्चना व देश की खुशहाली व भरपूर बारिश के लिए कामना की जाएगी। इस अवसर पर पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष मोहनलाल बत्रा, दर्शनलाल गेई, त्रिलोकचंद्र भोजवानी, अमर चेतवानी, हरीश बहलानी, सुरेश गांधी, गोविंद सचदेवा, अशोक रोहरा, नेवंद खूबचंदानी, सुरेश रोचलानी, बाबू भाई मंगतानी, राजू खीयानी, अशोक बजाज, अजीत केसवानी, संजय खूबचंदानी, महेश बहलानी, नानकराम खूबचंदानी, मदन सेवलानी, मोहित खूबचंदानी, संतराम सुंदरानी, घनश्याम मोहनानी, जुगल किशोर पांडे, गुलशन आसवानी, जगदीश आहूजा, पप्पू पोपटानी, अशोक आहूजा एवं अनेक नागरिक व श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# बहोरीबंद के शासकीय शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

### विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन

**कटनी, यशभारत।** ग्राम पंचायत बहोरीबंद में स्थित शासकीय हाई स्कूल में एक शासकीय शिक्षक द्वारा प्रार्थना समय में अभद्रता का मामला प्रकाश में आया है। जिसको लेकर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने कार्यवाही की मांग की है। बजरंग दल जिला सह संयोजक सौरभ चौरसिया ने बताया कि सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमे स्कूल में प्रार्थना के समय शासकीय शिक्षक द्वारा सम्मानपूर्वक मुद्रा में खड़े न होकर नियमों का उल्लंघन किया गया है। नियमानुसार सार्वजनिक स्थल में स्वच्छता एवम अनुशासन बनाए रखना चाहिए लेकिन वीडियो में शिक्षक द्वारा विपरीत आचरण किया जा रहा है। जब एक शिक्षक का ये रवैया है तो सोचनीय बात है उन बच्चों के भविष्य का क्या होगा, जिनको ऐसे शिक्षक अध्ययन कार्य करा रहे होंगे। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने बहोरीबंद एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। इस अवसर पर मयंक जैन, अनिवेश परौहा, जतिन गोस्वामी, आशुतोष निषाद, अंकित तिवारी, आर्यन दुबे, मयंक सोनी, वाशु गुप्ता, अरुण दुबे, अवधेश यादव, नवनीत चौरसिया, अंकित चौरसिया सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मजदूरों की एकता के सामने झुका मंडी प्रशासन

**कटनी, यशभारत।** कई मांगों को लेकर हम्माल संघ द्वारा भारतीय मजदूरी संघ के साथ मिलकर हड़ताल की जा रही थी। मंडी प्रशासन को बैठक बुलाकर मजदूरी में बढ़ोत्तरी करनी पड़ी। 4 वर्षों के इंतजार के बाद कृषि उपज मंडी में कार्यरत हम्मालों को अपनी एकता का लाभ मिला है। 50 किलोग्राम की कट्टी की मजदूरी में सवा रुपए की बढ़ोत्तरी होने के बाद अब हम्मालों को सोमवार से प्रति कट्टी के छह रुपए मिलेंगे।

किराए से देना है
एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।
संपर्क-8109417340

प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ
mgm NURSING
एम.जी.एम. स्कूल/ कॉलेज ऑफ नर्सिंग
SC/ST/OBC छात्र - छात्राओं को स्कॉलरशिप शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जायेगी
जिले में सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. कोर्स में प्रवेश प्रारंभ

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1. | बी.एस.सी. ( नर्सिंग ) | 4 वर्ष | 12वीं ( बायो ) |
| 2. | जी.एन.एम. ( नर्सिंग ) | 3 वर्ष | 12वीं ( किसी भी विषय ) |
| 3. | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.( नर्सिंग ) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

जिला अस्पताल, कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इंडियन नर्सिंग कांउसिल नई दिल्ली, मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, मध्यप्रदेश स्टेट नर्सेस कांउसिल भोपाल, मध्य प्रदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी
फोन. 07622&405074 मो. 7771001902
कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी ( म.प्र. )

## कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, कटनी (म.प्र.)

E-mail- deo.mpedktn@mp.gov.in- Ph No. (07622) 231217

क्रमांक / आब0 / बकाया / 2023 /    "विज्ञप्ति"    कटनी, दिनांक 07/07/2023

सर्व साधारण की जानकारी हेतु प्रकाशित किया जाता है कि कटनी जिले के निवासी आबकारी बकायादारों से भू-संहिता 1959 के अंतर्गत वर्ष 2016-17 की अवधि में देशी / विदेशी मदिरा एकल समूहों के पुनः निष्पादन से शासन को हुई हानि / खिसारे की अवशेष राशि के राजस्व की वसूली किया जाना है बकायादारों का विवरण निम्नानुसार :-

| क्र. | समूह का नाम | बकायादार का नाम व पता एवं बकाया का वर्ष | बकाया / खिसारे की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | बाकल समूह | श्री मनोज चौबे आत्मज श्री प्रभु दयाल चौबे, निवासी ग्राम निवार पहाडी जिला कटनी (म.प्र.), वर्ष 2016-17 | रू. 47,00,454 /- |
| 2 | खलवारा समूह | श्री रोहित मिश्रा आत्मज श्री गोविन्द प्रसाद मिश्रा, निवासी 110, देवरीसानी, ग्राम पहाडी जिला कटनी (म.प्र.), वर्ष 2016-17 | रू. 42,24,731 /- |
| 3 | सुभाष चौक समूह | श्री सतेन्द्र तिवारी आत्मज स्व0 श्री चन्द्रदत्त तिवारी निवासी बंधी स्टेशन, तहसील बहोरीबंद, जिला कटनी, वर्ष 2016-17 | रू. 4,40,005 /- |
| 4 | नवानगर समूह जिला सिंगरौली | श्री विकास दुबे आत्मज सीताराम दुबे, निवासी सुधार न्यास कालोनी, जिला-कटनी (म.प्र.) बकायादार जिला सिंगरौली, वर्ष 2015-16 | रू. 5,79,039 /- |

इस संबंध में सर्व साधारण को यदि उल्लेखित बकायादारों की चल-अचल सम्पत्ति की जानकारी मालूमात हो तो कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, कटनी को सूचित करने का कष्ट करें। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाकर उचित ईनाम दिया जायेगा।

G-16418/23

जिला आबकारी अधिकारी
कटनी (म.प्र.)

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

## कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र, कटनी

कलेक्ट्रेट परिसर, कटनी म.प्र. 483501
Phone.07622-220175,227680

क्रमांक/जि.शि.के./ई.एण्ड.आर./2023/01    कटनी, दिनांक 10/07/2023

### निविदा की संक्षिप्त सूचना

जिला शिक्षा केन्द्र कटनी अंतर्गत कक्षा 01 से 08 तक जिले में पुस्तकों के परिवहन हेतु निविदा प्रकाशन की जा रही है। निविदा की विस्तृत जानकारी नियम/शर्तें जिला शिक्षा केंद्र के कक्ष क्रमांक 127 से 500 का डी.डी. कलेक्टर सह मिशन संचालक के नाम से जमा कर प्राप्त की जा सकती है एवं educationportal.mp.gov.in पर भी देखी जा सकती है। अंतिम तिथि 17.07.2023 दोपहर 12 बजे है। आपूर्तिकर्ता फर्म/निविदाकार निविदा में वर्णित विवरण अनुसार निविदा प्रस्तुत कर सकते हैं।

पू.क्रमांक/जि.शि.के./2023-24/1107 (A)

**जिला परियोजना समन्वयक**
**जिला शिक्षा केंद्र, कटनी**

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
12 जुलाई से रोजाना 4 शो
12.30 PM (AUDI-1)
03.30 PM (AUDI-1)
06.30 PM (AUDI-1)
09.30 PM (AUDI-1)



MISSION IMPOSSIBLE DEAD
RECKONING PART ONE
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार तीसरा सप्ताह
12 जुलाई से रोजाना 4 शो
01.00 PM (AUDI-2)
04.00 PM (AUDI-2)
07.00 PM (AUDI-2)
10.00 PM (AUDI-2)




सत्यप्रेम की कथा
कलाकार- कार्तिक आर्यन, कियारा आडवानी, राजपाल यादव आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

# नर्सिंग स्टाफ की हड़ताल से भोपाल के जेपी अस्पताल में 12 आपरेशन टले

**भोपाल यशभारत।** नर्सिंग आफिसरों ने सोमवार को हड़ताल के चलते जेपी व काटजू अस्पताल में काम बंद कर दिया। इसके कारण सुबह से मरीज और स्वजन परेशान हुए। प्रशासन ने एनएचएम और एएनएम की ड्यूटी लगाई, लेकिन अस्पताल की व्यवस्थाएं पटरी पर नहीं आईं। इसके कारण जेपी अस्पताल में पांच आई ओटी और छह मुख्य ओटी में होने वाले आपरेशन टालने पड़े। इसके अलावा एक अन्य आपरेशन भी नहीं किया गया। इन मरीजों को आगे की तारीख भी नहीं दी गई। इतना ही नहीं, जेपी अस्पताल के वार्डों में कर्मचारियों की कमी के कारण खून चढ़ाने, इंजेक्शन लगाने जैसे काम भी प्रभावित हुए। जेपी अस्पताल में 165 स्टाफ नर्स नियमित हैं, जो हड़ताल के समर्थन में हैं। जबकि 35 संविदा स्टाफ नर्स हैं, इनमें भी करीब 10 स्टाफ नर्स अवकाश पर चल रहीं हैं। ऐसा ही हाल काटजू अस्पताल का भी रहा।



## प्रदेश के अन्य जिलों में भी रहे बुरे हाल

हड़ताल के चलते विदिशा, नर्मदापुरम, सीहोर, रायसेन, सागर, बैतूल, हरदा, छिंदवाड़ा समेत कई जिलों में भी बुरे हाल रहे। यहां के अस्पतालों में मरीज व स्वजन इलाज के लिए दिनभर परेशान हुए। मंगलवार से स्थिति और बिगड़ सकती है। ऐसा इसलिए, क्योंकि नर्सिंग एसोसिएशन का दावा है कि हमीदिया अस्पताल के कर्मचारी भी हड़ताल में शामिल होंगे। वहीं, पैरामेडिकल एसोसिएशन ने भी मांगों का समर्थन करते हुए काम नहीं करने की चेतावनी दी है। उल्लेखनीय है कि ये नर्सिंग आफिसर नर्सिंग संवर्ग की वेतन विसंगति को दूर करने, रात्रिकालीन आकस्मिक चिकित्सा भत्ता चिकित्सकों की तरह देने समेत अन्य मांगों को पूरा करने की मांग कर रहे हैं।

राजधानी के अस्पतालों में ये काम हुए प्रभावित

जेपी अस्पताल में प्रसव कक्ष में ट्रेंड नर्स के अभाव में काम प्रभावित हुआ। वहीं, दो इमरजेंसी केस दोपहर दो बजे के पहले तक रेफर करने पड़े। एलटीटी व टीटी के आपरेशन नहीं हुए। इमरजेंसी में आने वाले प्रसव केस में कोई सीजर आपरेशन नहीं हुआ। वार्ड में भर्ती मरीजों के ब्लड सैंपल वार्ड से ही नर्सिंग स्टाफ की ओर से लैब भेजे जाते हैं, जो नहीं भेजे जा सके। आई ओटी व मेजर ओटी में मरीजों के आपरेशन की तारीखों को आगे बढ़ा दिया गया है।

## जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी हड़ताल जारी रहेगी

नर्सिंग एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष गीता गौतम ने बताया कि पूर्व में ज्ञापन सौंपा था लेकिन लंबित मांगों को लेकर कोई निराकरण नहीं किया है। अब जब तक मांगें पूरी नहीं होती तब तक हड़ताल जारी रखेंगे। एसोसिएशन की मांग है कि ग्वालियर व रीवा मेडिकल कालेज की तरह ही जीएनएम नर्सिंग को तीन व बीएससी को चार वेतन वृद्धि देने का निर्णय अन्य सभी मेडिकल कालेजों में भी लागू किया जाए। साथ ही नर्सिंग स्टूडेंट का स्टायफंड तीन हजार से बढ़ाकर आठ हजार रुपये किया जाए। इसके अलावा नर्सिंग संवर्ग की पदोन्नति न्यायालय में विचाराधीन होने की स्थिति में विभाग की ओर से पदोन्नति पद पर प्रभार के तौर पर प्रभारी बनाने की मांग भी नर्सिंग कर्मचारी कर रहे हैं।

## पैरामेडिकल स्टाफ भी कर सकता है हड़ताल

इसी तरह की मांगों को लेकर मंगलवार से पैरामेडिकल स्टाफ भी हड़ताल पर जा सकता है। इसके बाद अस्पताल में सभी तरह की सेवाएं पूरी तरह से ठप हो जाएंगी। हालांकि, इस पूरे मामले में अभी तक नर्सिंग आफिसर और पैरामेडिकल स्टाफ से काम पर लौटने के लिए किसी भी अधिकारी ने बात नहीं की है।

**"हमारे यहां हड़ताल से कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। आप सिविल सर्जन से पूछें, वो बताएंगे हड़ताल का क्या असर रहा है। वहीं, पैरामेडिकल स्टाफ के हड़ताल में जाने की हमारे पास कोई जानकारी नहीं है।**

**- डा. प्रभाकर तिवारी, सीएमचओ,**

## नाबालिग छात्रा को सरेराह गोलियों से भूना

**भोपाल (ईएमएस)।** प्रदेश के ग्वालियर शहर के माधोगंज इलाके में बीच बाजार 17 वर्षीय नाबालिग छात्रा को गोलियों से भून दिया गया। हत्या की इस दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देने वाला सिरफिरा आशिक छात्रा से एकतरफा प्रेम करता था। उधर डबरा के सराफा बाजार में रहने वाले कारोबारी के इकलौते बेटे को उसके ही जूनियर ने मौत के घाट उतार दिया। वहीं एक रिटायर्ड फौजी को उसकी साली ने ही मार डाला।24 घंटे में एक के बाद एक हत्या की तीन सनसनीखेज वारदातों ने शहर को दहला दिया। माधोगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत 17 वर्षीय छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाइक पर सवार होकर तीन बदमाश आए थे, जिन्होंने बेटी बचाओ तिराहे के पास तिलक नगर इलाके में चलती गाड़ी पर छात्रा को गोली मार दी।गोली लगने के बाद छात्रा को अस्पताल भी ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसे गोली मारने वालों में सुमित रावत, बाला सुर्वे का नाम सामने आया है। तीसरे युवक का नाम अभी स्पष्ट नहीं है। अभी तक की पड़ताल में पुलिस को पता लगा है- जब छात्रा अपनी सहेली के साथ कोचिंग से लौट रही थी, तभी बाइक पर सवार होकर आए बदमाशों ने गोलियां चलाईं। यह लोग छात्रा का पीछा कर रहे थे। वहीं साली को गोली मारने के मामले के पीछे फौजी का पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है।

## गुफा मंदिर के पास पिंजरे में फंसा तेंदुआ, वन विहार पहुंचाया



**भोपाल, यशभारत।** शहर के द्रोणांचल मिलिट्री क्षेत्र में लंबे समय से तेंदुए का मूवमेंट हो रहा था। उसको पकड़ने के लिए वन विभाग काफी परेशान था। इसके लिए विभाग ने पिंजरा भी लगाया था। करीब 40 दिनों के बाद वनकर्मियों की मेहनत रंग लाई और रविवार रात में आखिरकार तेंदुआ पिंजरे में फंस गया। सोमवार को जब टीम मौके पर पहुंची तो पिंजरे में टीम को तेंदुआ मिला। यह एक नर तेंदुआ है, जिसकी उम्र तकरीबन चार साल है। वन कर्मियों ने इस तेंदुए को वन विहार नेशनल पार्क में भिजवा दिया है। तेंदुए के पिंजरे में फंसने की सूचना मिलने पर डीएफओ आलोक पाठक, एसडीओ आरएस भदौरिया समेत टीम मौके पर पहुंची। टीम को करीब देख तेंदुआ काफी देर तक गुर्राता रहा।

एसडीओ भदौरिया ने बताया कि गुफा मंदिर के पास से तेंदुआ पिंजरे में कैद हुआ है, जो मिलिट्री एरिया से सटा है। तेंदुए का रेस्क्यू करने के बाद उसे वन विहार भेजा गया है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि द्रोणांचल मिलिट्री क्षेत्र में करीब चालीस दिन से तेंदुए का मूवमेंट था। इसके चलते यहां पिंजरा लगाया गया था और वन विभाग की टीम रोज मानिटरिंग कर रही थी। वन विभाग के अधिकारियों कि मानें तो रात में यह तेंदुआ शिकार की तलाश में पिंजरे में आ फंसा। बता दें कि तेंदुए के मूवमेंट के बाद वन विभाग ने ट्रैप कैमरे और पिंजरा लगाया था। वहीं, एडवायजरी भी जारी की थी। जिसमें लोगों को रात में घर से अकेले बाहर न निकलने की समझाइश दी गई थी। तेंदुए के मूवमेंट के चलते रहवासियों में भी दहशत का माहौल था।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, फुफेरा भाई घायल

**भोपाल,यशभारत।** एयरपोर्ट रोड पर रविवार रात एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है। पुलिस ने अस्पताल की सूचना के बाद मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांधीनगर थाना प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि मूलतः पिपरई जिला अशोक नगर निवासी राजपाल सहरिया (28) बीडीए कालोनी गांधी नगर में रहकर निजी काम करता था। रविवार रात करीब सा? दस बजे वह अपने फुफेरे भाई धीरेंद्र सहरिया के साथ बाइक से घर लौट रहा था। वे दोनों एयरपोर्ट रोड स्?थित ओवरब्रिज पर पहुंचे थे, तभी परवलिया की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में सिर में गंभीर चोट लगने की वजह से राजपाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि धीरेंद्र भी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने हादसे की सूचना मिलने के बाद एंबुलेंस की मदद से घायल को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के बाद कार चालक मौके पर कार छोड़कर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।




## कांग्रेस नेताओं ने धरना स्थल पहुंचकर पात्र अभ्यर्थियों का अनशन तुड़वाया

**भोपाल, यशभारत।** प्राथमिक शिक्षक भर्ती 2020 के पात्रता परीक्षा पास अभ्यर्थी करीब एक माह से राजधानी में लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) के सामने क्रमिक भूख हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन कर रहे थे। सोमवार को भी अभ्यर्थी डीपीआइ के सामने भूख-हड़ताल पर बैठे। इसी दौरान कांगेस के कुछ नेता प्राथमिक शिक्षक व उच्च माध्यमिक शिक्षकों के बीच पहुंचे और उनसे मुलाकात की। कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा, फूल सिंह बरैया, पवन पटेल यहां पहुंचे और उन्होंने प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर चयनित अभ्यर्थियों की हर मांग पूरी करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्राथमिक शिक्षकों के 51 हजार पदों पर भर्ती की जाएगी। साथ ही अनशन कर रहे चयनित शिक्षकों का अनशन भी तुड़वाया। आंदोलनकारी प्राथमिक चयनित शिक्षकों ने कहा कि हमने आमरण अनशन जरूर छोड़ा है, लेकिन हमारा आंदोलन जारी रहेगा। इसके बाद कांग्रेस नेता उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती वर्ष 2018 के चयनित अभ्यर्थियों से भी मिले और कहा कि वर्ष 2018 की भर्ती जो अभी तक अधूरी है, कांग्रेस सरकार आते ही उसे पूरा किया जाएगा एवं आयु सीमा को पार कर रहे पात्र अभ्यर्थी हमारी प्रथमिकता में होंगे। बता दें कि प्राथमिक शिक्षक भर्ती प्रक्रियाधीन है, जिसमें कुछ ही पदों पर भर्ती की जा रही है, जबकि पात्रता परीक्षा पास छात्रों की संख्या करीब एक लाख 94 हजार है। प्रदेश में हजारों पद खाली होने के बावजूद यह विसंगति है।

## झाड़फूंक के बहाने महिला से दुष्कर्म

**भोपाल यशभारत।** एमपी नगर जोन एक की एक बहुमंजिला इमारत में 35 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपित ने झाड़-फूंक के बहाने आठ साल से महिला से दुष्कर्म कर रहा था। महिला ने तंग आकर अपने पति को पूरा घटनाक्रम बताया और आरोपित के खिलाफ एमपीनगर थाने में एफआइआर दर्ज करा दी। पुलिस के मुताबिक मूलतः मंडीदीप जिला रायसेन निवासी महिला वर्ष 2015 में बीमार थी। महिला का पति और सास उसे लेकर एमपी नगर में दिलीप बुंदेला नामक ओझा के पास पहुंचे थे। वह एमपी नगर स्थित एक बहुमंजिला बिल्डिंग में झाड़-फूंक का काम करता था। महिला वहां पर पहुंची तो दिलीप उसे एक कमरे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपित ने महिला से कहा कि उसे अब बार-बार आना पड़ेगा। इसके बाद कुछ दिन में चक्कर की बीमारी खत्म हो जाएगी। साथ ही उसने धमकी भी दी कि अगर दुष्कर्म की बात किसी को बताई तो वह उसे बदनाम कर देगा। पिछले आठ साल में महिला कई बार दिलीप बुंदेला के दफ्तर पहुंची, जहां पर उसका शारीरिक शोषण किया। बाद में उसकी तबीयत फिर बिगड़ी तो उसके स्वजन उसे लेकर फिर से आरोपित के पास लेकर चलने की बात कहने लगे तो महिला ने मना कर दिया और तंग आकर पूरा घटनाक्रम स्वजनों को बता दिया।



## सीधी कांड पर आपत्तिजनक ट्वीट करने वाली गायिका नेहा राठौर को जल्द नोटिस देकर बुलाएगी भोपाल पुलिस

**भोपाल, यशभारत।** सीधी पेशाब कांड के आरोपित को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गणवेश में दिखाकर ट्वीट करने वाली भोजपुरी गायिका नेहा सिंह राठौर को पुलिस ने नोटिस देकर बुलाने की तैयारी कर ली है। इसके लिए आला अधिकारियों के पास थाने से एक पत्र लिखा गया है। उनकी अनुमति मिलने के बाद नोटिस तामील किया जाएगा। भोजपुरी गायिका के आने के बाद इस पूरे मामले में बयान दर्ज किए जाएगे।गौरतलब है कि भोजपुरी गायिका के विवादित ट्वीट पर भारतीय जनता पार्टी ने आपत्ति ली और भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के मीडिया प्रभारी सूरज खरे ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।बता दें कि नेहा ने ट्विटर पर यह पोस्ट विगत गुरुवार को की थी। हबीबगंज थाना प्रभारी मनीष सिंह के मुताबिक भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के मीडिया प्रभारी सूरज खरे ने थाने में लिखित आवेदन देकर भोजपुरी गायिका नेहा सिंह राठौर के खिलाफ शिकायत की थी कि उन्होंने सीधी पेशाब कांड के आरोपित प्रवेश शुक्ला को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गणवेश में दिखाकर गलत प्रचार प्रसार किया है। इस पर एफआइआर दर्ज की गई है।



और लोगों को भी बुलाना चाहिए

सूरज खरे ने बताया कि सीधी कांड के आरोपी प्रवेश शुक्ला को आरएसएस की गणवेश में दिखाया था, जबकि इस मामले से आरएसएस का लेना-देना नहीं है। इसे लेकर नेहा सिंह राठौर पर धारा 153 (क) के तहत केस दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि अगर वह संघ का इतिहास नहीं जानतीं, तो हम उन्हें इसके बारे में बताएंगे। सूरज खरे ने कहा कि जिन लोगों ने उनके ट्वीट पर रीट्वीट किया है, उन लोगों पर भी कार्रवाई की जानी चाहिए। पुलिस को उन लोगों को बुलाकर पूछना चाहिए कि उन्होंने ऐसा क्यों किया है। इस मामले में पुलिस को उन लोगों के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज करना चाहिए। इधर, पुलिस नेहा राठौर को बयान दर्ज कर इस मामले में आगे की कार्रवाई करेगी।

## भोपाल में इमारत की तीसरी मंजिल से गिरकर आठ साल की बच्ची की मौत

**भोपाल, यशभारत।** गौतम नगर के लकी नगर, नारियलखेड़ा में रविवार शाम तीसरी मंजिल से गिरकर आठ साल की बच्ची घायल हो गई। परिजन उसे हमीदिया अस्पताल फिर गौतम नगर स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां इलाज के दौरान सोमवार दोपहर उसकी मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। एएसआइ मानसिंह ने बताया कि अरीबा खान (8) लकी नगर, नारियल खे?ा में रहती थी। पिता गुफरान खान ने पुलिस को बताया कि रविवार रात करीब सात से आठ बजे के बीच वह तीसरी मंजिल पर खेल रही थी। इस दौरान अचानक नीचे गिर गई। सिर में चोट होने के कारण कारण अरीबा को होश नहीं आया था। सोमवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे के आसपास डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।



**साइकिल से गिरे पीएचई कर्मचारी की मौत**–उधर, गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित भेल गेट नंबर-9 के पास रविवार सुबह साइकिल से गिरे पीएचई विभाग के कर्मचारी की मौत हो गई। उनके शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस का अनुमान है कि उन्हें साइकिल चलाते करते समय हार्ट अटैक आया होगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। एएसआइ मोहन वर्मा ने बताया कि धमेंद्र मालवीय (56) न्यू अशोका गार्डन में रहते थे। वह करीब दस साल से मधुमेह के मरीज थे। वह प्रतिदिन साइकिल चलाकर भेल की तरफ जाते थे। रविवार सुबह भी वह साइकिल चलाने के लिए निकले थे। इसके बाद घर नहीं लौटे। सुबह करीब 9 बजे डायल 100 को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बेसुध अवस्था में भेल गेट नंबर-9 के पास पड़ा हुआ है।

## भोपाल में दो किमी, इंदौर में तीन किमी बिछी पटरी, बारिश में अस्थाई टीनशेड बना कर वेल्डिंग के निर्देश

**भोपाल , यशभारत।** राजधानी भोपाल और इंदौर में मेट्रो का सितंबर माह में प्रॉयारिटी ट्रायल रन प्रस्तावित है। इसको लेकर मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के एमडी मनीष सिंह ने सोमवार को दोनों जगह के प्रोजेक्ट के काम की समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि भोपाल में दो किमी और इंदौर में तीन किमी पटरी बिछाई जा चुकी है।

एमडी ने भोपाल में पटरी बिछाने का काम कर रही एलएंडटी और इंदौर में आईएससी ट्रैक कान्ट्रैक्टर को फोन पर निर्देश दिए कि बारिश में काम नहीं रूकना चाहिए। इसके लिए कवर शेड या टीनशेड का अस्थाई इंतजाम करके पटरी वेल्डिंग का काम निर्बाध रूप से करने का निर्देश दिया। इसके अलावा एमडी मनीष सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पटरी के कार्य में तेजी लाने के लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ाएं। उन्होंने ट्रैक कान्ट्रैक्टर को दो दिनों में श्रमिकों की संख्या बढ़ाने और 20 अगस्त तक पटरी का काम पूरा करने को कहा। अधिकारियों ने एमडी को तय समयसीमा में काम पूरा करने को लेकर आश्वस्त किया। एमडी ने कहा कि सितंबर माह में ट्रायल रन प्रस्तावित है। इसका समय आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए समय सीमा में सभी काम पूरे करें। उन्होंने 10 दिन बाद दोबारा निरीक्षण और काम की समीक्षा करने की बात भी कही।



### इंदौर में दो दिन काम बंद रखने पर जताई नाराजगी

एमडी मनीष सिंह ने इंदौर मेट्रो में वायाडक्ट पर प्लिन्थ बीम के कार्य को दो दिन अनावश्यक बंद रखने पर जनरल कंसल्टेंट के परियोजना निदेशक साइमन फोरी तथा उप परियोजना निदेशक इंदौर जनरल कंसल्टेंट परशुराम व महाप्रबंधक इंदौर मेट्रो रेल के प्रति कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने फोन पर इंदौर मेट्रो एवं जनरल कंसल्टेंट के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए एवं सचेत किया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### पक्षियों को रखे पानी के सकोरे को अब उलट कर रख दे

## मनी प्लांट, कूलर और फ्रिज के ट्रे की सफाई हर सप्ताह में करे

**भोपाल (ईएमएस)।** डेंगू माह के अंतर्गत मच्छर जनित रोगों के उन्मूलन हेतु परियोजना के अंतर्गत सोमवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रभाकर तिवारी के सहयोग एवं जिला मलेरिया अधिकारी अखिलेश दुबे के मार्गदर्शन में जिला स्वास्थ्य समिति (एनवीबीडीसीपी) भोपाल एवं गोदरेज द्वारा संचालित एम्बेड परियोजना फैमिली हेल्थ इंडिया द्वारा आनंद नगर के नवीन हायर सेकंडरी विद्यालय में विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार उपाध्याय के सहयोग से मच्छर जनित रोगों के उन्मूलन हेतु डेंगू मलेरिया को लेकर जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे विद्यालय के लगभग 900 बच्चो सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा भाग लिया गया। क्षेत्रीय समन्वयक फैमिली हेल्थ इंडिया डॉ. संतोष भार्गव के द्वारा डेंगू से बचाव के उपाय और निदान पर चर्चा की। बच्चों से कहा कि डेंगू का मच्छर दिन के समय मे काटता है अतः ज्यादा जरूरत है कि हम दिन में मच्छर से बचे। पक्षियों को पानी पीने के लिए रखे गए सकोरो को अब खाली करके उलट कर रख दे जिससे उसमे पानी जमा नही हो। साथ ही बताया कि आसपास जल संग्रह ना होने दे और घर मे रखे हुए पानी की नियमित निकाशी करे, हर हफ्ते घर मे रखे हुये पानी को बदलते रहना चाहिए, छत पर रखी पानी की टंकियों को ढककर रखें जिससे की हम मलेरिया एवं डेंगू जैसी खतरनाक बीमारियों से बचे। साथ साथ डेंगू एवं मलेरिया के कारण, लक्षण एवं बचाव के बारे में जाना। घर के अंदर जल जमाव नही होने दे, पानी वाले कंटेनर को ढक कर रखे जिससे मच्छर पानी के संपर्क में नही आए और वह अंडे नही दे सके। प्राचार्य सुनील उपाध्याय ने छात्र छात्राओं को बताया कि सभी लोग डेंगू से बचाव के बारे में अपने घर पर चर्चा करे और यहां से जाने के बाद सभी को बताए।

## भीड़ ने छेड़छाड़ के आरोपी का मकान तोड़ा

**भोपाल (ईएमएस)।** छेड़छाड़ के आरोपी युवक अमजद के घर पर हथियार बंद भीड ने हमला बोल दिया और आरोपी का मकान तोड दिया। हमलावरों की संख्यार 40 से 50 बताई जा रही है। पुलिस की मौजूदगी में हथियारबंद भीड़ ने आरोपी का घर तोड़ा। यह घटना है प्रदेश के रायसेन जिला स्थित सलामतपुर थाना क्षेत्र के पिपलिया चांद गांव की। भीड के इस हमले में बचाव कर रहे सलामतपुर थाना प्रभारी देवेंद्र पाल सिंह घायल हो गए। घटना सोमवार शाम चार बजे की बताई जा रही है। पुलिस को पहले से आभास था कि ये घटना हो सकती है इसलिए सोमवार सुबह से ही पुलिस अमजद के घर तैनात थी। गनीमत ये रही जब लोगों ने उसका घर तोड़ा तब घर में उसके परिवार के लोग नहीं थे।

## आदिवासियों पर अत्याचार करने वाले सरेआम घूम रहे हैंऔर बेगुनाह आदिवासी जेल में-रामू टेकाम

**भोपाल, यशभारत।** मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आदिवासियों पर अत्याचार के रोज नए तरीके खोज निकालती है। आदिवासी परिवार को 10 फीट गहरे गड्ढे में गा?ने और मुंह पर पेशाब करने की अमानवीयता के बाद अब शिवराज सरकार की पुलिस बेगुनाह आदिवासियों को जेल भेजने का काम कर रही है। मध्य प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष रामू टेकाम ने मध्य प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार पर आदिवासी विरोधी होने का आरोप लगाया है।

टेकाम ने खुलासा करते हुए कहा कि बैतूल जिले की शाहपुर जनपद पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार का एक अनूठा मामला सामने आया है जिसमें भ्रष्टाचारी खुले घूम रहें हैं और बेगुनाह आदिवासियों को जेल डाल दिया है। शाहपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पावर झंडा में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आदिवासियों के खातों में कुछ राशि डाली गई। ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत के अधिकारियों ने आकर आदिवासियों को बताया कि यह राशि गलत तरीके से आपके खाते में आ गई है। अतः इसे निकाल कर दे दीजिए। भोले-भाले आदिवासियों ने पंचायत के अधिकारियों की बात मान खातों से पैसा निकाल कर दे दिया। इस पूरे मामले में जब घोटाला उजागर हुआ और जनपद पंचायत में अपने स्तर पर जांच की तो जनपद समन्वयक अधिकारी महेश शुक्ला, कंप्यूटर ऑपरेटर तिलक मालवीय, तत्कालीन सरपंच ईश्वर कुमरे, रोजगार सहायक सुरेश धुर्वे और पांडू काकोड़िया के नाम से एफआईआर भी दर्ज हुई। इनमें से किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई। उल्टे शिवराज सिंह चौहान की पुलिस ने भोले-भाले आदिवासियों को जेल में डाला दिया। आदिवासी विजय कुमरे का एफआईआर में नाम तक नहीं है फिर भी उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। विजय कुमरे की पत्नी और बच्ची मेरे साथ इस प्रेस कांफ्रेंस में मौजूद है। विजय पिछले सात महीने से जेल में बंद है, जबकि इस बेटी का जन्म भी नहीं हुआ था। श्री टेकाम ने मध्य प्रदेश सरकार से सवाल किया है कि जब आदिवासियों के खातों में पैसा सरकार की ओर से डाला गया और जब जांच में इस बात की पुष्टि हो गई कि भ्रष्टाचार करने वाले जनपद पंचायत के अधिकारी हैं तो फिर आदिवासियों की ही गिरफ्तारी क्यों?

श्री टेकाम ने कहा कि आदिवासी अत्याचार के मामले में मध्यप्रदेश में भ्रष्टाचारी किस तरह बेखौफ है। इसका उदाहरण तत्कालीन आदिवासी सरपंच को तत्कालीन ब्लॉक समन्वयक महेश शुक्ला ने जान से मारने की धमकी तक दी है। ऐसे आदिवासी विरोधी सोच के व्यक्ति को भाजपा की सरकार में कौन संरक्षण दे रहा है?

टेकाम ने कहा कि जनपद पंचायत शाहपुर के पांच सदस्यीय जांच दल ने अपनी रिपोर्ट में पंचायत विभाग के कर्मचारियों की संलिप्तता की पुष्टि की है तो वह अभी तक बाहर खुले में क्यों घूम रहे हैं और बेगुनाह आदिवासी भाई बहनों को प्रता?ित क्यों किया जा रहा है? आदिवासी तत्कालीन सरपंच ईश्वरदास कमरे ग्राम रोजगार सहायक सुरेश धुर्वे सफाई कर्मी पंडू काकोडिया और ब्लॉक समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना के ब्लॉक समन्वयक महेश शुक्ला को इस घोटाले में संलिप्त माना गया है।

# बोर्ड परीक्षा परिणामों में स्थिति सुधारने बनाई रणनीति

## जिले के प्रत्येक शासकीय हाई और हायर सेकेण्डरी विद्यालय में होगा मासिक मूल्यांकन टेस्ट



**कटनी,यशभारत।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10 वी और कक्षा 12 वी की बोर्ड परीक्षाओं के जिले के परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने के लिए नवीन शिक्षण सत्र शुरू होने के साथ ही कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद द्वारा विशेष कार्ययोजना बनाई जाकर उस पर अमल कार्यवाही शुरू करा दी गई है। उल्लेखनीय है कि कटनी जिला अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूल के शिक्षण सत्र 2022-23 की माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम संतोष जनक नहीं आए थे। जिसे लेकर संवेदनशील कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा चिंता व्यक्त करते हुए इसमें सुधार लाने विशेष कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया गया था। शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर लगातार चिंतनशील और प्रयासरत कलेक्टर श्री प्रसाद ने बोर्ड परीक्षा के जिले के परीक्षा परिणामों को बेहतर बनाने के लिए एक विशेष बैठक आहूत की। जिसमें कक्षा 10 वी और 12 के परीक्षा परिणामों में शिक्षण सत्र 2023-24 में व्यापक सुधार लाने के लिए विचार विमर्श कर रणनीति निर्धारित की गई। विचार मंथन उपरांत बोर्ड परीक्षा परिणामों में सुधार के लिए एक कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा एक विशेष समिति का गठन किया गया। जिसके लिए नोडल अधिकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी रीठी अनिल कुमार चक्रवर्ती को बनाया गया है। वहीं सुधार हेतु गठित इस समिति में श्रीमती नीरज मीता अर्नोल्ड प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल मझगवां फाटक, श्रीमती कल्पना मिश्रा प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल कटंगी कला, एनपी गुप्ता प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल हीरापुर कौंडिया, मौजीलाल चक्रवर्ती प्रभारी प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल बिरुहली, रियाज सिद्दकी माध्यमिक शिक्षक शास. हाई स्कूल कुठला और महेंद्र कुमार यादव डाटा एंट्री ऑपरेटर शास. उ. मा. विद्यालय पिपरिया परौहा को शामिल किया गया है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने उक्त समिति को जिले के शासकीय विद्यालयों में बोर्ड परीक्षा परिणामों में सुधार लाने का दायित्व सौंपा है। शिक्षण सत्र 2023-24 में बोर्ड परीक्षा परिणामों में सुधार के लिए कलेक्टर श्री प्रसाद की अध्यक्षता में हुई बैठक में विशेष रणनीति बनाई गई। जिसके तहत रिजल्ट में सुधार हेतु कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लेकर एक रूपरेखा तय की गई है। तय रूपरेखा अनुसार वर्तमान शिक्षण सत्र में जिले के सभी शासकीय हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूल में कक्षा 10 और 12 में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों के गुणात्मक सुधार के लिए उनका मासिक मूल्यांकन करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए प्रति माह विषयवार प्रश्नपत्र तैयार किए जायेंगे जो कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी वार्षिक प्रश्न पुस्तिका पर आधारित ब्लूप्रिंट के अनुसार होंगे। विद्यार्थियों के शालावार मासिक मूल्यांकन की समीक्षा स्वयं कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा की जाएगी और जिन शाला और विद्यार्थियों की मूल्यांकन रिपोर्ट खराब होगी उनमें सुधार के लिए अतिरिक्त शिक्षण व्यवस्था मुहैया करा परिणाम सुधारने प्रयास किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी के लेक्चर के वीडियो का भी चयन भी विषय विशेषज्ञों द्वारा किया जायेगा।

### विषय विशेषज्ञों का किया गया चयन

तय की गई रूपरेखा के तहत मासिक मूल्यांकन हेतु विषयवार प्रश्नपत्र बनाने के लिए जिले भर से योग्य 39 विषय विशेषज्ञों का चयन किया गया है। जिनमें कक्षा 10 वी के लिए हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषय हेतु कुल 12 विषय विशेषज्ञ शिक्षक चुने गए हैं। वहीं कक्षा 12 के हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, जीव विज्ञान, रसायन शास्त्र, भौतिक शास्त्र, इतिहास, भूगोल, राजनीति, समाज शास्त्र, अर्थ शास्त्र, व्यावसायिक अध्ययन, पुस्तपालन एवम् लेखाकर्म विषय के मूल्यांकन हेतु प्रश्न पत्र तैयार करने 27 विषय विशेषज्ञों का चयन किया गया है। ये सभी विषय विशेषज्ञ जिले के विभिन्न शासकीय हाई और हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के विषय शिक्षक हैं। कलेक्टर श्री प्रसाद की अध्यक्षता में हुई बैठक में सहायक शिक्षा राजेश अग्रहरी, शिक्षा नोडल विवेक दुबे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रीठी अनिल कुमार चक्रवर्ती सहित समिति सदस्यों एवम् शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों की मौजूदगी रही।

### पवित्र भाव से कराएं अध्यापन- कलेक्टर

कलेक्टर श्री प्रसाद ने जिले के समस्त शिक्षकों से पवित्र और निश्चल भाव से विद्यार्थी हित में कार्य करने अपील की। उन्होंने कहा की शिक्षक स्वप्रेरित होकर अंतर्मन से विद्यार्थियों के हित में अध्यापन हेतु अपना शत प्रतिशत योगदान दें, जिससे विद्यार्थियों की शिक्षण गुणवत्ता में सुधार होने के साथ साथ जिले का परीक्षा परिणाम भी बेहतर हो।

## 6 शासकीय कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर द्वारा विजयराघवगढ विधानसभा क्षेत्र के क्रमांक 92 के तहत तहसील बरही में नियुक्त बी एल ओ के द्वारा निर्वाचक नामावली फार्मों का निरीक्षण करने पर मिली विसंगतियों और कमियों के लिए तथा 6 एवं प्रारूप 7, एवं 8 में भी प्रावधान के अनुसार कार्य नहीं किये जाने पर 6 शासकीय कर्मियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है । सभी को तीन दिवस के अंदर जवाब प्रस्तुत करनें के निर्देश दिए गए है। कलेक्टर श्री प्रसाद के निरीक्षण के दौरान प्रारूपफार्मों को भरे जाने में विभिन्न प्रकार की विसंगतियां पाई गई जिसके लिए पटवारी राकेश शुक्ला, बी एल ओ सुपरवाइजर विधानसभा क्षेत्र 92 विजयराघवगढ, बरही, पटवारी मोहन बडकरे पटवारी बी एल ओ सुपरवाईजर मतदान क 92 विधानसभा क्षेत्र 92 विजयराघवगढ, बरही, गोपाल सिंह ठाकुर सहायक शिक्षक माध्यमिक शाला हदरहटा बी.एल. ओ. मतदान केन्द्र क्र. 270 विजराघवगढ़ बरही, कैलाश प्रसाद पाण्डेय सहायक अध्यापक शासकीय प्राथमिक शाला ताली रोहनिया, बी.एल.ओ. मतदान केन्द्र क्र. 246 विजयराघवगढ बरही, श्री शिव प्रसाद पटेल सहायक अध्यापक शासकीय प्राथमिक शाला बगैहा, बी.एल. ओ. मतदान केन्द्र 234 विजयराघवगढ़ बरही , श्री चन्द्रभान राय सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला कुठिया महगवॉ, बी.एल.ओ. मतदान केन्द्र 240 विजयराघवगढ़ बरही को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी कारण बताओं नोटिस का जवाब 3 दिवस के अन्दर अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विजयराघवगढ़ के माध्यम से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

***उत्सवी माहौल के साथ संपन्न हुआ***

## 2 लाख 36 हजार 194 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में पहुंची दूसरी किश्त



**कटनी,यशभारत।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज जिले की 2 लाख 36 हजार 194 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में दूसरी किश्त की अंतरित की। इस अवसर पर जिले भर में उत्सवी माहौल में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। लाड़ली बहना सेना ने अपने अलग- अलग रंगों के ड्रेस कोड में कार्यक्रम में सहभागिता की। कलेक्टर अवि प्रसाद श्री सनातन धर्म पंजाबी मंडल माधवनगर कटनी में आयोजित लाड़ली बहना योजना कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होनें लाड़ली बहना को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने लाड़ली बहनाओं के साथ मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को देखा व सुना। इस दौरान लाड़ली बहना, जनप्रतिनिधियों सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। जिले के नगरीय निकायों, नगरीय निकाय वार्ड, पंचायत एवं आंगनबाड़ी के कुल 810 जगहों पर सोमवार को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत दूसरी किश्त अंतरित कार्यक्रम आयोजित किये गये। द्वितीय किश्त में जिले जिले की 2 लाख 36 हजार 194 महिलाओं को एक हजार के मान से 23 करोड 61 लाख रूपये जारी की गई।

### लाड़ली बहना सेना की सदस्य महिलाओं ने ली शपथ

संपूर्ण जिले में ग्रामवार-वार्डवार लाड़ली बहना योजना अंतर्गत आयोजित हुए द्वितीय किस्त हितलाभ वितरण कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा लाड़ली बहना सेना की सदस्य महिलाओं को.. मैं शपथ लेती हूँ कि लाड़ली बहना सेना के सदस्य के रूप में.. अपने क्षेत्र की बहनों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी देने और जागरूकता बढ़ाने का काम करूँगी ।मैं अपने क्षेत्र की बहनों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक मिले, इस काम में हर संभव सहयोग करूँगी । मैं बहनों की अपने परिवार के सदस्य की तरह चिंता करूँगी और उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने में पूरी मदद करूँगी । मैं नशामुक्ति, पेड़ लगाने, बिजली बचाने, साफ़सफाई, बेटी बचाने-बेटी- पढ़ाने और पानी बचाने जैसे सामाजिक सुधार के अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लूंगी.. की शपथ दिलाई गई।



### हितग्राहियों ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम देखा व सुना

प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को जिले की लाड़ली बहनों के बैंक खातों में दूसरी किश्त की अंतरित की। इस अवसर पर जिले भर में उत्सवी माहौल में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक संदीप जायसवाल जगमोहनदास वार्ड में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर लाड़ली बहनों से संवाद करते हुए योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी तथा महिला हितग्राहियों के साथ बैठकर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा व सुना। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद जयनारायण निषाद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों लाड़ली बहना एवं अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

### टॉपर विद्यार्थियों के लर्निंग लाइसेंस हेतु शिविर का आयोजन

## 23 छात्रों के बनाये गए लर्निंग लाइसेंस



**कटनी,यशभारत।** शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालयों से हायर सेकेडरी परीक्षा 2023 में अपने विद्यालय से टॉप करने वाले छात्रों को मुख्यमंत्री जी द्वारा ई स्कूटी देने का निर्णय लिया गया है। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले के समस्त शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को ई-स्कूटी एवं आई.सी.ई.एस मोटराइज्ड़ प्रदाय करने हेतु कैम्प का आयोजन सोमवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह व आर.टी.ओ कटनी श्रीमती रमा दुबे के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर के दौरान नोडल अधिकारी एम किडो प्राचार्य सहायक संचालक राजेश अग्रहरी आर.टी.ओ. कार्यालय कटनी से आर.बी.कोल एवं आपरेटर उपस्थित रहे। शिविर में कुल 23 लर्निंग लायसेंस बनवाये गए। जिन विद्यार्थियों की उम्र 18 वर्ष से कम है उन्हे उनके पालक की सहमति प्राप्त करते हुए आवेदन जमा कर लायसेंस प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। शिविर में वाहन के संबंध में तकनीकी एवं सैद्धांतिक जानकारी, सड़क सुरक्षा की जानकारी सहित सड़क यातायात चिन्हों की जानकारी प्रदान की गई।

### विभागीय गतिविधियों की जानकारी समय पर नहीं देने वाले 12 अधिकारियों को नोटिस जारी

## अधिकारी आमजन की समस्याओं के निराकरण के प्रति संवेदनशील और जवाबदेह बनें



**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद ने अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के निराकरण के प्रति और अधिक संवेदनशील और जवाबदेह बनने की नसीहत दी। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्री प्रसाद ने समय-सीमा बैठक में न्यायालयीन प्रकरणों में समय पर जवाब प्रस्तुत करने की हिदायत दी। कलेक्टर श्री प्रसाद ने सभी अधिकारियों को हाईकोर्ट में लंबित मामलों के प्रति सक्रियता बरतने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित मंडी सचिव देवेन्द्र सिंह ठाकुर तथा गूगल शीट में वसूली प्रकरणों के अद्यतन नहीं करने पर जिला आपूर्ति अधिकारी बालेन्द्र कुमार शुक्ला को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। साथ ही कलेक्टर श्री प्रसाद ने उच्च न्यायालय में लंबित मामलों की साप्ताहिक जानकारी नहीं मुहैया कराने पर 11 तहसीलदारों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने अफ्सरों को हिदायत दी है कि वे गांवों का भ्रमण करें और लोगों की समस्याये सुने। साथ ही शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों और विभागीय गतिविधियों की प्रगति पर नजर रखे। कलेक्टर श्री प्रसाद ने सभी एस.डी.एम. और राजस्व अधिकारियों को और अधिक सक्रियता से कार्य करने की हिदायत दी। कलेक्टर श्री प्रसाद ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे हाल ही में जिले के भीतर स्थानांतरित किये गये अपने-अपने विभाग के सभी कर्मचारियों को नई पदस्थापना स्थल के लिए भारमुक्त करें । स्थानांतरित सभी कर्मियों का अगले माह का वेतन नई पदस्थापना स्थल से ही दिया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा है कि सभी बी.ई.ओ. तथा बी.आर.सी. अपने-अपने क्षेत्र के शालाओं का निरीक्षण करें और शाला परिसर में अतिक्रमण होने की जानकारी संधारित करें। इस सूची के आधार पर संबंधित क्षेत्र के एस.डी.एम. प्राथमिकता के आधार पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करेगें।

### उर्वरक नमूनों की जांच

कलेक्टर श्री प्रसाद ने उपसंचालक कृषि को निर्देशित किया कि वे उर्वरक नमूनों की जॉच हेतु अभियान चलायें और लापरवाही पाये जाने पर अनुज्ञप्ति निलंबित करने की भी कार्यवाही की जाये। इसके अलावा पटाखा व्यापारियों के दुकानों का भी भौतिक सत्यापन कराया जाना सुनिश्चित करें। गैर सत्यापित दुकानों की अनुज्ञप्ति समाप्त करने की कार्यवाही करने ए.डी.एम. रोमानुस टोप्पो को निर्देशित किया ।

### सी.एम. हेल्पलाइन

कलेक्टर श्री प्रसाद ने विभागीय अधिकारियों को दो टूक लहजे में हिदायत दी की सी.एम.हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। श्री प्रसाद ने नगर निगम ,श्रम और सामाजिक न्याय विभाग में लंबित शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त की। बैठक में संबंधित विभागों ने पावर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से निराकृत एवं लंबित आवेदनों की अद्यतन बैठक में प्रदर्शित की । बैठक में जिला पंचायत के सी.ई.ओ. शिशिर गेमावत, ए.डी.एम. रोमानुस टोप्पो सहित डिप्टी कलेक्टर आर. के. चौरसिया और प्रमोद चतुर्वेदी सहित विभागीय जिला अधिकारी व एस.डी.एम. मौजूद थे।

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही करनें पर हुई निलंबन की कार्यवाही

**कटनी,यशभारत।** माध्यमिक शाला कुठिया महगवां मतदान केन्द्र क्रमांक 239 के निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतनें पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने सहायक शिक्षक दिवाकर उपाध्याय को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा विगत दिवस बरही तहसील के निरीक्षण के दौरान फेटो निर्वाचक नामावली से संबंधित फार्मो का अवलोकन करने पर गंभीर प्रकार की कमियां जाने पर अनुविभागीय अधिकारी एवं उप निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विजयराघवगढ़ को नियमानुसार कार्यवाही करनें के निर्देश दिए थे। अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विजयराघवगढ़ द्वारा प्रस्तावित कार्यवाही पर कलेक्टर श्री प्रसाद ने श्री दिवाकर उपाध्याय सहायक शिक्षक माध्यमिक शाला कुठिया एवं महगवां बी.एल.ओ मतदान केन्द्र क्रमांक 229 के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की है। निलंबन अवधि में श्री उपाध्याय का मुख्यालय तहसील बरही कार्यालय होगा।

## विधानसभावार स्वीप गतिविधियों हेतु 32 स्वीप कोर्डिनेटर नियुक्त




**कटनी,यशभारत।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार स्वीप गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने एवं आगामी विधान सभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए जिन मतदान केन्द्रों पर मतदान प्रतिशत 2018 के दौरान कम रहा है। ऐसे मतदान केन्द्रों मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के लिए स्वीप गतिविधि के अंतर्गत जिले के समस्त महाविद्यालय, जिले के समस्त हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्यो क्षेत्र अधिकारी के अंतर्गत आने वाले समस्त आगनवाड़ी सहायिकाओं, पटवारी, ग्राम कोटवार के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश प्रदान किए गए है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने विधानसभा वार ऐसे मतदान केन्द्र जिसका मतदान 70 प्रतिशत से कम रहा है पर स्वीप गतिविधियां संचालित करने संबंधित अपने स्तर से निर्देशित करने हेतु विधान सभावार 32 स्वीप कोर्डिनेटर स्वीप केम्पस एम्वेसेडर एवं चुनाव प्रभारी नियुक्त किये गए है। संबंधित विभाग प्रमुख अपने अधीनस्थ कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी को उपरोक्त अनुसार निर्देश जारी कर कार्यवाही सुनिश्चित कर गतिविधि प्रारम्भ करने एवं विधान सभावार मतदान 2018 की टर्न आउट रिपोर्ट निर्वाचन कार्यालय जिला कटनी में प्राप्त कर 70 प्रतिशत से कम प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों पर स्वीप गतिविधि संचालित करने सम्बंधित अपने स्तर से संबंधित को निर्देशित करेंगे। विधानसभा वार संबंधित विभागों के स्वीप कोर्डिनेटर एवं स्वीप केम्पस एम्बेसेडर एवं चुनाव प्रभारी नियुक्त किए जाकर पत्र अनुसार निर्धारित अवधि में विभाग पर जन जागृति एवं स्वीप गतिविधियों का आयोजन कर फेटोग्राफएवं विडिओग्राफी रिकोर्ड कर सहायक नोडल अधिकारी (स्वीप) के. के. डेहरिया जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय जिला शिक्षा केंद्र की मेल आई डी में प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया है।

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Mittal MALL
Paytm
book my show

From 07th July 2023

Cineworldz Cinema Katni by CMW
Schedule for the week 07 July to 13 July, 2023

| Audi-01 | Show | Rate |
|---|---|---|
| Neeyat | 11.00.00 AM | 100-100-100-250 |
| Neeyat | 1.30.00 PM | 130-160-190-350 |
| Neeyat | 4.15.00 PM | 130-160-190-350 |
| Neeyat | 7.15.00 PM | 130-160-190-350 |
| Neeyat | 10.00.00 PM | 130-160-190-350 |
| Audi-02 | Show | |
| Satyaprem Ki Katha | 1.00.00 PM | 130-160-190-350 |
| Satyaprem Ki Katha | 4.00.00 PM | 130-160-190-350 |
| Satyaprem Ki Katha | 7.00.00 PM | 130-160-190-350 |
| Satyaprem Ki Katha | 10.00.00 PM | 130-160-190-350 |
| Audi-03 | Show | |
| 1920 Horrors of the heart | 12.30.00 PM | 120-150-150 |
| Zara Hatke Zara Bachke | 3.30.00 PM | 120-150-150 |
| 1920 Horrors of the heart | 6.30.00 PM | 120-150-150 |
| 1920 Horrors of the heart | 9.30.00 PM | 120-150-150 |

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# वर्ल्ड कप और एशिया कप से पहले रोहित की सबसे बड़ी टेंशन हुई दूर, टीम में वापसी करेगा ये खिलाड़ी !



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया इस साल दो बड़े टूर्नामेंट में हिस्सा लेने जा रही है। पहले सितंबर में एशिया कप फिर अक्टूबर में वर्ल्ड कप का आयोजन किया जाना है। इन दोनों टूर्नामेंट में टीम इंडिया फेवरेट मानी जा रही है। ऐसे में भारतीय टीम अपनी तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रही होगी। भारत को अगर इन दोनों टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करना है और इन्हें जीतना है तो उन्हें सबसे मजबूत टीम के साथ मैदान पर उतना होगा। लेकिन भारत के कई खिलाड़ी इंजरी के कारण टीम से बाहर चल रहे हैं। जोकि भारत के वर्ल्ड कप के सपने को ठेस पहुंचा सकता है। इसी बीच रोहित शर्मा के लिए एक राहत भरी खबर सामने आई है।

### टीम में जल्द होगी इस खिलाड़ी की वापसी

भारतीय टीम इस वक्त वेस्टइंडीज के दौरे पर है। टीम के कई मुख्य खिलाड़ी इंजरी के कारण इस दौरे पर टीम के साथ नहीं जा सके हैं। वे खिलाड़ी एनसीए में अपनी इंजरी पर काम कर रहे हैं। इन खिलाड़ियों में एक खिलाड़ी काफी तेजी से फिट हो रहा है और जल्द ही टीम इंडिया में वापसी को तैयार है। ये खिलाड़ी कोई और नहीं बल्कि श्रेयस अय्यर है। आपको बता दें कि इस साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई टेस्ट सीरीज के दौरान श्रेयस अय्यर को इंजरी हुई थी। उस वक्त से वह टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। लेकिन अब वह जल्द ही टीम इंडिया में वापसी कर सकते हैं।

### सामने आया राहत भरा वीडियो

श्रेयस अय्यर एनसीए में अपनी इंजरी पर काम कर रहे हैं और काफी तेजी से रिकवर भी करते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर अय्यर का एक वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में अय्यर नेट्स पर बल्लेबाजी करने नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो अय्यर वर्ल्ड कप से पहले फिट हो जाएंगे और दावा यहां तक किया जा रहा है कि वह एशिया कप में भी वापसी कर सकते हैं। टीम इंडिया और कप्तान रोहित शर्मा के लिए यह काफी अच्छी खबर है। वह इन दोनों टूर्नामेंट में टीम इंडिया के लिए एक मुख्य खिलाड़ी साबित हो सकते हैं।

### चार नंबर पर करेंगे बल्लेबाजी

भारतीय टीम पिछले कुछ सालों से वनडे में चार नंबर पर एक अच्छे बल्लेबाज की तलाश में थी। लेकिन कोई भी बल्लेबाज इस नंबर पर कुछ खास नहीं कर पा रहा था। श्रेयस अय्यर को इस नंबर पर टीम मैनेजमेंट द्वारा ट्राई किया गया और उन्होंने निराश नहीं किया। अय्यर के आ जाने से टीम की ये टेंशन दूर हो गई थी। लेकिन उनकी इंजरी के बाद ये समस्या फिर से एक परेशान बनी गई है। ऐसे में वह वापसी करेंगे तो इसी नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे।



# 2 साल से बाहर, वेस्टइंडीज दौरे पर भी नहीं मिली जगह टीम इंडिया में कैसे होगी इस खिलाड़ी की वापसी ?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया 12 जुलाई से वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में भिड़ने वाली है। इस सीरीज के लिए टीम इंडिया में कई नए खिलाड़ियों को मौका दिया गया है। वहीं कई पुराने खिलाड़ियों का टीम से पत्ता भी कटा है। लेकिन कई खिलाड़ी अभी उम्मीद लगाए बैठे हैं कि उन्हीं आने वाले समय में भारतीय टीम में खेलने का मौका मिलेगा।

### इस खिलाड़ी को वापसी की उम्मीद

टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर पिछले 2 साल से टेस्ट टीम से बाहर हैं। सुंदर के करियर पर ब्रेक लगाने में बड़ा हाथ उनकी चोट का रहा है। सुंदर आखिरी बार भारतीय टीम के लिए 4 जून 2021 को टीम इंडिया के लिए टेस्ट मैच खेले थे। लेकिन अब ये खिलाड़ी एक बार वापसी के लिए हुंकार भर रहा है।

### वापसी करने को तैयार सुंदर

चोट से उबरने के बाद दलीप ट्रॉफी से फर्स्ट क्लास क्रिकेट में वापसी करने वाले भारतीय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर की निगाहें अब टेस्ट क्रिकेट से अपने करियर को नया जीवन देने पर लगी हैं। वॉशिंगटन को पिछले सप्ताह साउथ जोन की तरफ से नॉर्थ जोन के खिलाफ दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में लाल गेंद के फॉर्मेट में अपने टैलेंट को दिखाने का मौका मिला था। उनकी वापसी हालांकि शानदार नहीं रही और उन्होंने कुल 11 ओवर किए जिसमें उन्हें सिर्फ एक विकेट मिला। बल्लेबाजी में वह केवल 14 रन ही बना पाए।

### वॉशिंगटन को अभी भी उम्मीद

उनके ये आंकड़े भले ही आकर्षक नहीं हों लेकिन वॉशिंगटन को इनमें भी उम्मीद की किरण नजर आती है। वॉशिंगटन ने वेस्ट जोन के खिलाफ दलीप ट्रॉफी फाइनल से पहले कहा कि दलीप ट्रॉफी बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि अगर हम यहां अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो इससे हमारा काफी मनोबल बढ़ेगा और अपने कौशल के प्रति विश्वास पैदा होगा। वॉशिंगटन अभी 23 साल के हैं लेकिन पिछले 2 सालों से चोटों से जूझ रहे हैं। वह चोटिल होने के कारण आईपीएल 2023 में भी नहीं खेल पाए थे।

# इस दिन सामने आएगा एशिया कप का पूरा शेड्यूल, पाकिस्तान में खेले जाएंगे इतने मैच



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप 2023 के आयोजन को लेकर सारी बातें अब साफ हो चुकी हैं। आपको बता दें कि इस साल का एशिया कप हाइब्रिड मॉडल के आधार पर खेला जाएगा। जहां कुछ मैच पाकिस्तान और कुछ मुकाबले श्रीलंका में खेले जाएंगे। दरअसल ये टूर्नामेंट पूरा का पूरा पाकिस्तान में खेला जाना था। लेकिन भारत द्वारा पाकिस्तान का दौरा करने से मना किए जाने के बाद एसीसी ने अपने फैसले को बदला और इस टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल पर करवाने का फैसला ले लिया है। जिसके आधार पर ये टूर्नामेंट दो देशों में करवाए जाएंगे। एशिया कप 2023 में कुल 6 टीमें हिस्सा ले रही हैं। जहां भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले का सभी को इंतजार है। आपको बता दें कि एशिया कप के शेड्यूल को लेकर अब एक बड़ा अपडेट सामने आया है।

### इस दिन सामने आएगा पूरा शेड्यूल

एशिया कप के शेड्यूल का सभी को बेसब्री से इंतजार है। जोकि अब पूरी तरह से फाइनल हो चुका है। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार एशिया कप का शेड्यूल 14 जुलाई को जारी किया जाएगा। हाइब्रिड मॉडल पर खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट के 4 मुकाबले पाकिस्तान और 9 मैच श्रीलंका में खेला जाएगा। एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच हाई वोल्टेज मुकाबले का सभी को इंतजार है। आपको बता दे कि ये मैच श्रीलंका में खेला जाएगा। हालांकि इस मैच की तारीखों को लेकर अभी कोई अपडेट सामने नबीं आया है।

### एशिया कप में तीन बार भिड़ सकती है भारत और पाकिस्तान

एशिया कप इस साल वनडे फॉर्मेट में खेला जाएगा। पिछली बार टीम इंडिया ने इस फॉर्मेट में खेले गए एशिया कप को जीता था। फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया ने बांग्लादेश को हराया था। आपको बता दें कि कुल 6 टीमें इस साल का एशिया कप खेलेंगी। जहां से टॉप 4 टीमों के बीच सुपर 4 राउंड खेला जाएगा। इसके बाद टॉप की 2 टीमों के बीच फाइनल खेला जाएगा। इस समीकरण के आधार पर भारत को पाकिस्तान के बीच चार बार मैच खेले जा सकते हैं। पहला मैच लीग स्टेज, दूसरा मैच सुपर 4 और तीसरा मैच फाइनल में खेला जा सकता है।

# यशस्वी जायसवाल के डेब्यू करते ही टूटा खिलाड़ी का दिल, अब Playing 11 में नहीं मिल पाएगा मौका !



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम रोहित शर्मा की कप्तानी में 12 जुलाई से वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट मैच खेलेगी। मैच से एक दिन पहले ही कप्तान रोहित शर्मा ने साफ कर दिया है कि यशस्वी जायसवाल ओपनिंग करेंगे और शुभमन गिल नंबर-3 पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरेंगे। ऐसे में जायसवाल के ओपनिंग करते ही एक स्टार खिलाड़ी का डेब्यू करने का सपना अधूरा रह गया है। आइए जानते हैं, इसके बारे में।

### इस खिलाड़ी को नहीं मिलेगा मौका !

वेस्टइंडीज दौरे के लिए टीम इंडिया में चार स्पिनर्स मौजद हैं। इनमें रोहित शर्मा, ऋतुराज गायकवाड़, यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल शामिल हैं। अब जायसवाल का टीम इंडिया के लिए टेस्ट में डेब्यू पक्का होते ही ये साफ हो गया है कि गायकवाड़ को प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिलेगी, क्योंकि मिडिल ऑर्डर में विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे और एक विकेटकीपर की जगह तय है। वहीं, मैच से पहले ही कप्तान रोहित शर्मा कह चुके हैं कि टीम इंडिया दो स्पिनर्स के साथ उतरेगी। ऐसे में गायकवाड़ का भारत के लिए डेब्यू करने का सपना अधूरा रह गया है।

### आईपीएल में दिखाया दम

ऋतुराज गायकवाड़ ने आईपीएल 2023 में धमाकेदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से खेलते हुए शानदार खेल दिखाया और अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से सभी का दिल जीत लिया और उन्होंने सीएसके की टीम को आईपीएल का 5वां खिताब दिलाने में अहम भूमिका अदा की। गायकवाड़ ने आईपीएल 2023 के 16 मैचों में 590 रन बनाए हैं, जिसमें 4 शतक लगाए हैं। इसके अलावा घरेलू क्रिकेट में विजय हजारे ट्रॉफी और रणजी ट्रॉफी में अपने बल्ले की धमक दिखाई थी। उन्होंने 28 फर्स्ट क्लास मैचों में 1941 रन बनाए हैं, जिसमें 6 शतक शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने 72 लिस्ट-ए मुकाबलों में 4034 रन बनाए हैं।

### विस्फोटक बैटिंग में माहिर

ऋतुराज गायकवाड़ अभी तक भारत के लिए 1 वनडे मैच में 19 रन और 9 टी20 मैचों में 135 रन बना चुके हैं। उन्होंने अभी तक भारतीय टीम के लिए एक भी टेस्ट मैच नहीं खेला है। वह अपनी आतिशी बल्लेबाजी करने के लिए जाने जाते हैं और पारी की शुरुआत में विस्फोटक बल्लेबाजी करते हैं।

## विराट ने वेस्टइंडीज में युवा खिलाड़ियों को दिये ऑटोग्राफ

**डोमिनिका (ईएमएस)।** वेस्टइंडीज दौरे पर गयी भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने बुधवार से शुरु होने वाले पहले क्रिकेट टेस्ट से पहले अपने प्रशंसकां के साथ ही युवा खिलाड़ियों से भी मुलाकात की। इस दौरान विराट ने खिलाड़ियों के साथ तस्वीरें खिंचवाई और उन्हें ऑटोग्राफ भी दिया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसका एक वीडियो भी साझा किया है। इसमें युवा खिलाड़ी विराट से मिलने के बाद काफी खुश दिखे। विराट ने वेस्टइंडीज में अब तक 9 टेस्ट खेले हैं, जिसमें उन्होंने 13 पारियों में 35.61 की औसत से 463 रन बनाये हैं। इस दौरान उन्होंने एक शतक और 2 अर्धशतक लगाये हैं। वहीं एकदिवसीय में विराट ने वेस्टइंडीज में अब तक 18 एकदिवसीय खेलकर 58.92 की शानदार औसत से बल्लेबाजी करते हुए 4 शतक और 5 अर्धशतक के साथ ही 825 रन बनाए हैं।

# जबलपुर के चैतन्य अवध दूसरी बार बने मप्र राज्य शतरंज चैम्पियन



**जबलपुर, यशभारत।** विगत दिवस इंदौर में आयोजित म. प्र. राज्य सीनियर शतरंज चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जबलपुर के चैतन्य अवध ने आठ चक्रों में 6.5 अंक प्राप्त कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। विदित हो कि सन 2018 में भी चैतन्य अवध म.प्र. राज्य शतरंज विजेता रहे है। उनकी इस उपलब्धि पर म.प्र. चैस एडहॉक कमेटी में कनवीनर अक्षत खम्परिया, जबलपुर चैस एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री ब्रजभूषण दुबे, सचिव ओ.पी. यादव, उपाध्यक्ष यशवेन्द्र ठगेले, एवं तेज़ सिंह सिसोदिया, ब्रजेश उपाध्याय, एशली दास (रेल्वे) राजेश प्रजापति, रिषी (वासू) सोनकर, निश्चय शर्मा, उत्कर्ष अग्रवाल, मनोज मिश्रा, राजेश दीवान, श्री हरी नारापुरम, मनी शंकर अवध आदि ने बधाई देकर हर्ष व्यक्त किया। आप 16 से 26 अगस्त तक पुणे (महाराष्ट्र) में होने वाले राष्ट्रीय शतरंज में जबलपुर का मध्यप्रदेश प्रतिनिधित्व करेगें।

## रंग संसार

# ड्रग्स की मदहोशी को बयान करती एलएसडी-2 अगले साल होगी रिलीज




**मुंबई (ईएमएस)।** एकता कपूर की फिल्म एलएसडी-2 अगले साल रिलीज होगी। गौरतलब है कि एकता ने इस फिल्म में ड्रग्स केंपेन को बखूबी उजागर किया है। बता दें कि एकता ने छोटे पर्दे के साथ ही बड़े पर्दे पर भी बतौर निर्माता खुद को साबित किया है। उनके टीवी सीरियल्स हों या फिर फिल्में, दर्शकों ने हमेशा उनके प्रोडक्शन में बनी फिल्मो को पसंद किया है। 2010 में एलएसडी रिलीज हुई, जिसकी प्रोड्यूसर एकता कपूर ही थीं। अब बालाजी टेलीफिल्म्सम ने फिल्म के दूसरे पार्ट की घोषणा कर दी है। एलएसडी2 की रिलीज डेट आउट हो चुकी है। एकता कपूर ने एलएसडी 2 का पोस्टर शेयर किया, जिसमें एक शख्स ड्रग्स लेते देखा जा सकता है। यह फिल्म बिना किसी शक एक यूनिवर्सल अपील है, जो हर पीढ़ी को एक्साइट करती है। फिल्म का कंटेंट कुछ इस तरह का है कि यह जेनरेशन जेड को भी अपनी ओर आकर्षित करती है। एकता कपूर के एलान के मुताबिक, फिल्म 16 फरवरी, 2024 को रिलीज होगी। एक कपूर की पहली फिल्म फैंस को काफी पसंद आई थी। दिलचस्प होगा कि क्या दूसरा पार्ट भी दर्शकों को लुभा पाता है या नहीं। पहले पार्ट में राजकुमार राव, नुरसत भरूचा, नेहा चौहान और अनशुमान झा लीड रोल में थे। फिल्म की कहानी कैमरे में कैद हुई ऑनर किलिंग की घटना, एमएमएस स्कैंडल और कास्टिंग काउच विक्टिम पर आधारित थी। दिबाकर बनर्जी के निर्देशन में बनी एलएसडी 2 की रिलीज डेट 16 फरवरी, 2024 है। इसी दिन अक्षय कुमार की अनटाइटल्ड फिल्म भी रिलीज होगी।

# विक्की कौशल -तृप्ति स्टारर मूवी को लेकर आया बड़ा अपडेट



**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल की हालिया रिलीज जरा हटके जरा बचके ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल कर दिया। सारा अली खान के साथ पर्दे पर उनकी जोड़ी को काफी पसंद किया गया था। अब विक्की एक और फिल्म के साथ पर्दे पर धमाल मचाने वाले हैं। विक्की कौशल अपनी अपकमिंग फिल्म में कला अभिनेत्री तृप्ति डिमरी के साथ नजर आएंगे। करण जौहर की निर्मित फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। मेकर्स ने बताया कि विक्की-तृप्ति स्टारर अपकमिंग मूवी 23 फरवरी 2024 को थिएटर्स में दस्तक देगी। तृप्ति ने फिल्म के रिलीज डेट की अनाउंसमेंट करते हुए अपनी एक्साइटमेंट शेयर की है। उन्होंने पोस्ट शेयर कर कैप्शन में लिखा, यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। इतने अच्छे लोगों के साथ काम करने के अनुभव और प्यार से बेहतर और कुछ नहीं हो सकता है। जुनून.. खुशी...हंसी और बहुत सारी भावनाएं 23 फरवरी 2024 को हमारे साथ हैं। अमेजन प्राइम और धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही फिल्म में विक्की कौशल के साथ तृप्ति डिमरी और पंजाबी अभिनेता एमी विर्क भी लीड रोल में दिखाई देने वाले हैं। इसका निर्देशन आनंद तिवारी कर रहे हैं। विक्की और तृप्ति पहली बार साथ में स्क्रीन शेयर करने वाले हैं। फिलहाल, अभी फिल्म के टाइटल की घोषणा नहीं हुई है। तृप्ति डिमरी को आखिरी बार नेटफ्लिक्स फिल्म कला में देखा गया था, जिसका निर्माण अनुष्का शर्मा और उनके भाई कर्णेश शर्मा ने किया था। फिल्म में तृप्ति की अदाकारी ने व्यूअर्स का दिल जीत लिया था। वह बुलबुल और लैला-मजनू जैसी फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं।

# इटली में बच्चों संग छुट्टियां बिता रहे करीना-सैफ, शेयर की तस्वीरें



**मुंबई (ईएमएस)।** करीना कपूर खान और सैफ अली खान इन दिनों इटली की सैर पर हैं। वह अपने दोनों बेटों तैमूर और जेह के साथ इटली में समर वेकेशन बिता रहे हैं। अपने सोशल एकाउंट पर उन्होंने वहां की कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। गौरतलब है कि करीना इंस्टाग्राम पर अपने परिवार और दोस्तों के साथ छुट्टियों की तस्वीरें शेयर करती रही हैं। तस्वीरों में करीना को स्काई ब्लू स्ट्रिप शर्ट, खुले बाल और ओवरसाइज्ड सनग्लासेस पहने हुए देखा जा सकता हैं। वहीं इसके बैकग्राउंड में समुद्र नजर आ रहा है। एक अन्य तस्वीर में, करीना येलो कलर का फ्लोरल को-ऑर्ड सेट पहने नजर आ रही हैं, जबकि सैफ नेवी ब्लू शर्ट, डेनिम और ब्लेजर में दिख रहे हैं। लवबर्ड्स को अपने दोस्तों के साथ खाने-पीने का लुत्फ उठाते देखा जा सकता है। करीना ने फोटो को कैप्शन दिया- नेग्रोनी नाइट्स, बैकग्राउंड में एक सुंदर झील का व्यू नजर आ रहा है। वहीं एक फोटो में करीना सफेद शर्ट, नियॉन रंग की बिकिनी पहने हुए हैं, जिसमें जेह की प्यारी झलक भी दिख रही है। उधर क्लिक में बैकग्राउंड में सैफ भी है। करीना ने हाल ही में अपनी एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वह पीले रंग का को-ऑर्ड सेट पहने हुए देखी जा सकती हैं, उनकी पीठ कैमरे की ओर है और वह अपने आस-पास की सुंदरता को निहार रही हैं। तस्वीर को इंद्रधनुष इमोजी के साथ कैप्शन दिया गया है और लिखा- स्टेट ऑफ माइंड.. सोमवार को जब वी मेट की एक्ट्रेस ने सैफ के साथ तस्वीरें शेयर की थीं, जिसमें वे लंच करते नजर आ रहे है। करीना ने ब्लू शर्ट और रेड बिकिनी पहनी है, जबकि सैफ ने ब्लू शर्ट और टोपी पहनी हुई है।

# सालार को लेकर फैन्स की एक्साइटमेंट कई गुणा बढा

## होम्बले फिल्म्स ने ट्रेलर रिलीज का किया ऐलान




**मुंबई (ईएमएस)।** अपकमिंग फिल्म सालार−पार्ट 1 सीजफायर के धमाकेदार टीजर लॉन्च के बाद से ही फिल्म को लेकर फैन्स की एक्साइटमेंट कई गुना बढ गया है। हाल में निर्माताओं ने इस मैग्नम ओपस के ट्रेलर लॉन्च से जुड़ी एक आधिकारिक घोषणा की, जो दर्शकों और लाखों प्रभास फैन्स के लिए एक बड़े सरप्राइज के तौर पर सामने आया है। सालार पार्ट 1− सीज़फ़ायर पहली बार फेमस निर्देशक प्रशांत नील और सुपरस्टार प्रभास की ड्रीम टीम को एक साथ लाती है। इस मेगा प्रोजेक्ट का निर्माण सफल केजीएफ फ्रेंचाइजी के निर्माता होम्बले फिल्म्स के विजय किरागांदुर द्वारा किया गया है, और इसमें केजीएफ सीरीज की तकनीकी टीम भी शामिल है। रामोजी फिल्म सिटी और उसके आसपास 14 विशाल सेटों के निर्माण के साथ, यह फिल्म ऐसी भव्यता पेश करने का वादा करती है जो बड़े पर्दे पर पहले कभी नहीं देखी गई है।

होम्बले फिल्म्स ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर फिल्म के ट्रेलर लॉन्च से जुड़ी एक बड़ी घोषणा की है, ÷आभार से अभिभूत! भारतीय सिनेमा की ताकत के प्रतीक सालार क्रांति का अभिन्न अंग बनने के लिए हम आपमें से हर एक से मिले भरपूर प्यार और साथ के लिए बेहद आभारी हैं। भारतीय फिल्म सालार के टीज़र को 100 मिलियन व्यूज को पार करने के लिए हमारे कमाल के प्रशंसकों और दर्शकों के लिए जोरदार तालियां! आपका अटूट साथ हमारे जुनून को बढ़ाता है और हमें सचमुच कुछ अलग करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने आगे लिखा, अपने कैलेंडर में अगस्त एंड को मार्क कर लें, क्योंकि हम बहुप्रतीक्षित ट्रेलर जारी करने की तैयारी कर रहे हैं जो भारतीय सिनेमा की भव्यता को प्रदर्शित करेगा।

होम्बले फिल्म्स की सालार−पार्ट 1 सीज़फायर में प्रभास, पृथ्वीराज सुकुमारन, श्रुति हासन और जगपति बाबू सहित कई शानदार कलाकारों की टुकड़ी शामिल हैं। प्रशांत नील द्वारा निर्देशित ये फिल्म 28 सितंबर, 2023 को तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, तमिल और हिंदी सहित 5 भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। सालार−पार्ट 1 सीज़फ़ायर अब तक बनी सबसे बड़ी भारतीय फिल्मों में से एक है, जो बाहुबली और केजीएफ सीरीज़ जैसी पॉपुलर ब्लॉकबस्टर फिल्मों के बराबर है। माना जा रहा है कि निर्माताओं ने एक और जबरदस्त फिल्म बनाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है और जिसमें हाई-एंड वीएफएक्स और ब्रेथटेकिंग एक्शन सीक्केंसेज देने के लिए उन्होंने विदेशी स्टूडियो और कुशल स्टंटमैन की टीम को भी शामिल किया है।

इस फिल्म के टीज़र रिलीज़ ने प्रशंसकों के बीच उत्साह और प्रत्याशा की लहर जगाई है, जो सालार के विशाल यूनिवर्स को एक्सप्लोर करने के मौके का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। तो एक शानदार सिनेमाई सफर पर जाने के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि प्रभास, पृथ्वीराज, श्रुति हासन, ईश्वरी राव, जगपति बाबू, श्रिया रेड्डी समेत कुछ और एक्टर बड़े पर्दे पर अपने किरदारों में जान फूंकते नजर आएंगे। बता दें कि इस फिल्म को प्रशांत लीन ने निर्देशित किया हैं और टीजर में डार्लिंग प्रभास के मैसी स्टाइल ने सिनेलवर्स को उत्साहित करने में कोई कसर बाकी नही छोड़ी है। इसके चलते हर तरफ चर्चा और प्रत्याशा जोरों पर है।

